



# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र





तनाव बन सकता है हार्ट अटैक की वजह पेज: 7

सलमान खान के साथ नयनतार की बनी जोड़ी पेज: 8



वर्ष : 02 | अंक : 06 | मंगलवार 07 अप्रैल 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


## सैकड़ों महिलाओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले बाबा अशोक खरात की संपत्ति की होगी जांच

नासिक (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक में खुद को आध्यात्मिक गुरु बताने वाले अशोक खरात का मामला अब एक बड़े राष्ट्रीय स्कैंडल में तब्दील होता जा रहा है। रेप, धोखाधड़ी और अवैध रूप से करोड़ों की संपत्ति अर्जित करने के गंभीर आरोपों में घिरे इस फर्जी बाबा के खिलाफ सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया है कि अशोक खरात की बेहिसाब संपत्ति और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि प्रशासन अब केवल आपराधिक मामलों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इस पूरे साम्राज्य की आर्थिक जड़ों को भी खोदेगा। अशोक खरात पर आरोप है कि उसने आस्था की आड़ में न केवल महिलाओं का यौन शोषण और दुष्कर्म किया, बल्कि डरा-धमका कर और धोखाधड़ी के जरिए भारी मात्रा में चल-अचल संपत्ति भी खड़ी की है। ईडी की एंट्री का मतलब है कि अब उसके बैंक खातों, विदेशी लेनदेन और बेनामी संपत्तियों के स्रोतों की गहराई से पड़ताल होगी। मुख्यमंत्री फडणवीस ने सदन और सार्वजनिक मंचों पर यह स्पष्ट कर दिया है कि सरकार केवल हवा-हवाई आरोपों पर नहीं, बल्कि ठोस सबूतों के आधार पर काम कर रही है। अब तक खरात के खिलाफ विभिन्न थानों में करीब 12 मामले दर्ज किए जा चुके हैं, और जैसे-जैसे जांच का दायरा बढ़ रहा है, पीड़ित और गवाह भी हिम्मत जुटाकर सामने आ रहे हैं। इस मामले में एक नया मोड़ तब आया जब कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) लीक होने का विवाद गरमाया।

## ईरान जंग का असर, एअर इंडिया ने इजराइल के लिए उड़ाने 31 मई तक कीं रद्द

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच एयर इंडिया ने नई दिल्ली-तेल अवीव रूट पर 31 मई तक उड़ानें रद्द कर दी हैं। तेल अवीव के लिए ज्यादातर अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस पहले ही अपनी उड़ानें बंद कर चुकी हैं। फिलहाल एल अल, इस्राएर, अर्किया और एयर हाइफा ही सीमित सेवाएं चला रही हैं। फ्लाइट सस्पेंड होने से 40 हजार से ज्यादा भारतीय पर असर पड़ा हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भारत आने के लिए उन्हें जॉर्डन या मिस्र के रास्ते जाना पड़ रहा है। तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास ने 24 घंटे की हेल्पलाइन शुरू की है। रजिस्ट्रेशन अभियान भी चला रहा है। राजदूत जेपी सिंह ने भारतीय कामगारों और छात्रों से वर्चुअल बातचीत कर उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। नई दिल्ली-तेल अवीव के बीच सीधी उड़ान सेवा 1 जनवरी से शुरू हुई थी, जिसमें सप्ताह में चार फ्लाइट बोइंग 787 ड्रीमलाइनर से संचालित की जा रही थीं।

## राजधानी दिल्ली में फिर से डीयू के दो कॉलेजों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली( एजेंसी)। राजधानी दिल्ली में फिर से डीयू ( दिल्ली यूनिवर्सिटी) के दो कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद कॉलेजों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। दिल्ली पुलिस ने बताया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी के रामजस कॉलेज और मिरांडा कॉलेज में बम की धमकी के बाद सोमवार को कॉलेज परिसर को खाली करा लिया गया। पुलिस के मुताबिक, कॉलेज एडमिनिस्ट्रेशन को ई-मेल मिला, जिसमें उन्हें कैंपस में एक संभावित एक्सप्लोसिव डिवाइस के बारे में अलर्ट किया था। पूरी तरह से तलाशी लेने के लिए बम डिस्पोजल और स्निफर डॉग स्क्वॉड को तैनात किया गया है। वहीं, स्टूडेंट्स, स्टाफ और फैकल्टी को एहतियात के तौर पर बाहर निकाला गया और सर्च ऑपरेशन जारी है। पुलिस दोनों कॉलेजों में गहनता से जांच कर रही है। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि धमकी किसने दी है?

## भोपाल पुलिस के इनपुट पर यूपी एसटीएफ ने कछुआ तस्कर को दबोचा

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने वन्यजीव तस्कर को लखनऊ के सैरपुर स्थित आईआईएम रोड से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने यह कार्रवाई भोपाल पुलिस के इनपुट मिलने पर की। संयुक्त टीम ने छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। वह चार वर्ष से फरार चल रहा था। उसे सैरपुर थाने में दाखिल किया गया। जहां भोपाल पुलिस साथ लेकर चली गई। एसटीएफ के एएसपी सत्यसेन यादव के मुताबिक, आरोपी रविंद्र उर्फ रमन मलिहाबाद के बख्तियार नगर का रहने वाला है। उसके खिलाफ मध्य प्रदेश के भोपाल में कछुआ तस्करी का मामला दर्ज था। भोपाल पुलिस को इनपुट मिला का रविंद्र उर्फ रमन लखनऊ में छिपा है। इस पर मध्य प्रदेश पुलिस ने एसटीएफ से सहयोग मांगा। संयुक्त टीम ने रविवार को आईआईएम रोड स्थित सैरपुर थाना क्षेत्र से सुबह करीब 11:45 बजे दबोचा गया। एसटीएफ के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश की नदियों से प्रतिबंधित और संरक्षित प्रजाति के कछुओं को निकालकर अंतर्राज्यीय तस्करों को सप्लाई करता था। आगे की कार्रवाई मध्य प्रदेश की स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स द्वारा की जाएगी।

## ऊधम सिंह नगर में बंद पड़े पोल्ट्री फार्म में 69 गैस सिलेंडर, 3.17 किलोग्राम गांजा बरामद

रुद्रपुर (एजेंसी)। उत्तराखंड के ऊधम सिंह नगर के काशीपुर क्षेत्र में पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़े कालाबाजारी रैकेट का भंडाफोड़ कर दिया है। परमानंदपुर स्थित एक पुराने पोल्ट्री फार्म में छापेमारी के दौरान 69 गैस सिलेंडर, 3.17 किलोग्राम गांजा और 100 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। इसमें से 16 सिलेंडर भरे हुए और 53 खाली थे। प्रशासन ने मौके से एक आरोपी जुबैर अली को गिरफ्तार किया, जो उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के ग्राम घोसीपुरा पट्टीकला का निवासी है। सूचना के आधार पर एसडीएम अभय प्रताप सिंह और तहसीलदार पंकज चंदोला ने टीम के साथ तुरंत छापेमारी की। उन्होंने बताया कि पुराने बंद पोल्ट्री फार्म का उपयोग गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री और अन्य नशीली वस्तुओं के धंधे के लिए हो रहा था। बरामदगी से यह स्पष्ट होता है कि आरोपी कई तरह के अवैध कारोबार में शामिल था। गैस सिलेंडरों को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर तन्मय मैथानी को सौंपा गया है, जबकि गांजा और शराब को पुलिस ने सील कर लिया है। आरोपी से गहन पूछताछ जारी है ताकि इसके नेटवर्क और अन्य सहयोगियों का पता लगाया जा सके।

# बार-बार हताशा में कांग्रेस अब मतदाताओं को ही अपमानित करने लगी है

### गुजरात को लेकर दिए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के बयान पर भड़की बीजेपी

**तिरुवंतपुरम (एजेंसी)।** केरल विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक पारा चढ़ गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इडुक्की की एक रैली में गुजरात के लोगों को लेकर एक टिप्पणी की जिसने विवाद का रूप ले लिया है। बीजेपी ने इसे गुजरात की अस्मिता और देश के महान सपूतों का अपमान करार देते हुए कांग्रेस पर हमला बोला।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रविवार को इडुक्की में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने केरल की साक्षरता की तुलना अन्य राज्यों से की। उन्होंने पीएम मोदी और सीएम पिनाराई विजयन पर निशाना साधते हुए कहा कि केरल के लोगों को गुमराह मत करो। वे बहुत समझदार और पढ़े-लिखे हैं। मोदीजी, विजयनजी, आप दोनों गुजरात या अन्य जगहों के उन लोगों को बेवकूफ़ बना सकते हैं जो अनपढ़ हैं, लेकिन आप केरल के लोगों को बेवकूफ़ नहीं बना सकते। खड़गे के इस बयान के बाद बीजेपी ने तुरंत मोर्चा खोल दिया। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष को घेरा। संघवी ने कहा कि यह टिप्पणी गुजरात के छह करोड़ लोगों और महात्मा गांधी, सरदार पटेल व पीएम मोदी जैसे महापुरुषों का अपमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार सत्ता से बाहर होने की हताशा में कांग्रेस अब मतदाताओं को ही अपमानित करने लगी है। उन्होंने स्पष्ट में कहा कि गुजरात माफ़ नहीं करेगा। संघवी ने कांग्रेस पर बार-बार गुजरात को निशाना बनाने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या पार्टी की यह आलोचना राज्य के लोगों द्वारा सत्ता से बाहर किए जाने की वजह से है। उन्होंने कहा कि खड़गे का बयान उनकी हताशा को नहीं, बल्कि कांग्रेस के असली कद को दर्शाता है और कहा कि गुजरात की राजनीतिक रूप से जागरूक जनता ने हमेशा उन लोगों को नकारा है जो गांधी और पटेल की धरती का अपमान करते हैं और आगे भी ऐसा ही करती रहेगी, उन्होंने यह भी जोड़ा कि गुजरात माफ नहीं करेगा। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे पर पलटवार करते हुए पूछा कि वे महात्मा गांधी, सरदार वल्लभभाई पटेल, जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे नेताओं की बुद्धिमत्ता के बारे में क्या सोचते हैं, जो सभी गुजरात, यूपी और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों से आते थे। त्रिवेदी ने कांग्रेस पर 9 अप्रैल को होने वाले केरल चुनावों से पहले फूट डालो और राज करो की राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य की जनता चुनावों में इसका करारा जवाब देगी।

## टीवीके प्रमुख विजय ने चेन्नई में चुनावी दौरा किया रद्द, समय की कमी और पुलिस पाबंदियों का हवाला



चेन्नई (एजेंसी)। विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्तरी कड़गम (टीवीके) ने सोमवार को चेन्नई में प्रस्तावित चुनावी प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, विजय को विल्लीवाक्कम और टी नगर विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाएं और रोड शो करने थे, लेकिन प्रशासनिक पाबंदियों के चलते कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा। सूत्रों का कहना है कि चुनाव प्रचार की अनुमति मिलने के बावजूद पुलिस द्वारा दोनों स्थानों के बीच आवागमन के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया। इसी वजह से कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से पूरा करना संभव नहीं था। पार्टी ने इसे गंभीर मुद्दा बताते हुए कहा कि इस तरह की पाबंदियां चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित कर सकती हैं। बताया जा रहा है कि टीवीके इस मामले को इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के समक्ष उठाने की तैयारी कर रही है। हालांकि, पार्टी की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी मौसम में इस तरह की प्रशासनिक चुनौतियां राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए बड़ी समस्या बन सकती हैं। वहीं, निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए प्रशासन की भूमिका भी अहम मानी जाती है। तमिलनाडु में 23 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होना है, जबकि मतगणना 4 मई को होगी। ऐसे में सभी दल अपने-अपने स्तर पर प्रचार में तेजी ला रहे हैं, और हर छोटा घटनाक्रम चुनावी रणनीति पर असर डाल सकता है।

## असम में कल्पना के हेलीकॉप्टर को उतरने की नहीं दी अनुमति, डर में हिमंता?

### -सोरेन ने फोन के जरिए लोगों से कहा- मतदान के जरिए अपनी ताकत दिखाएं



**दिसपुर, (एजेंसी)।** असम में चुनाव प्रचार के दौरान झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता कल्पना सोरेन को हेलीकॉप्टर लैंडिंग की अनुमति न मिलने से उनका तय कार्यक्रम प्रभावित हुआ, लेकिन उन्होंने फोन के जरिए लोगों से संपर्क कर अपना संदेश पहुंचाया। असम के खुमताई, नहरकटिया और मार्गेरीटा विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार में कल्पना सोरेन को परेशानी झेलनी पड़ी। उनका इन जगहों पर जनसभा करने का कार्यक्रम था, लेकिन प्रशासन ने हेलीकॉप्टर उतारने के लिए हेलीपैड की अनुमति नहीं दी। इस वजह से वह खुमताई और नहरकटिया नहीं पहुंच सकीं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने हिम्मत नहीं हारी। मार्गेरीटा जाते समय सड़क रास्ते में ही फोन के जरिए खुमताई और नहरकटिया के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से अंदेशा था कि उनके कार्यक्रम में रुकावट डाली जाएगी और उनकी आवाज दबाने की कोशिश हो रही है। वहीं झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने भी असम में एक सभा में आरोप लगाया कि उनकी बढ़ती भीड़ से सत्ता पक्ष परेशान है। इसलिए लोगों को उनकी सभा में आने से रोका जा रहा है।

कल्पना सोरेन ने अपने भाषण में कहा कि रास्ते रोके जा सकते हैं, लेकिन जनता का गुस्सा नहीं रोका जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे लोग विपक्ष की आवाज दबाना चाहते हैं।

मतदान के जरिए अपनी ताकत जरूर दिखाएं कल्पना ने खुमताई, नहरकटिया और मार्गेरीटा के लोगों से खासकर चाय बागान के मजदूरों, आदिवासी समाज, अल्पसंख्यकों, युवाओं और महिलाओं से 9 तारीख को ज्यादा से ज्यादा वोट देने की अपील की। उन्होंने इस चुनाव को सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बल्कि सम्मान, पहचान और अधिकार की लड़ाई बताया। लोगों से कहा कि वे तीर-धनुष चुनाव चिह्न पर वोट देकर अपना जवाब दें। आखिर में उन्होंने कहा कि मतदान के जरिए अपनी ताकत दिखाएं।

# यूपी के करीब 6000 मजदूर इजराइल में हैं सुरक्षित, सरकार कर रही लगातार निगरानी

### किसी भी मजदूर ने विशेष रूप से भारत लौटने की नहीं जताई इच्छा

**लखनऊ (एजेंसी)।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच तेज होती जंग और ताबड़तोड़ मिसाइल हमलों के बीच इजराइल में काम कर रहे यूपी के करीब 6000 मजदूरों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई जा रही थी। कई लोग सवाल कर रहे थे कि क्या ये मजदूर सुरक्षित हैं और क्या उन्हें भारत वापस लाया जाएगा? इन सवालों का जवाब देते हुए यूपी सरकार ने कहा कि सभी मजदूर पूरी तरह सुरक्षित हैं और सरकार लगातार उनकी निगरानी कर रही है।



यूपी सरकार के प्रमुख सचिव डॉ. शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर वे नियमित रूप से भारतीय दूतावास के अधिकारियों के संपर्क में हैं। दूतावास के जरिए यूपी के सभी मजदूरों की लगातार निगरानी की जा रही है। उन्होंने साफ किया कि तनावपूर्ण हालात के बावजूद अभी तक किसी भी मजदूर की ओर से भारत लौटने की कोई मांग नहीं की गई है। डॉ. शन्मुगा सुंदरम ने बताया कि ईरानी हमलों के बावजूद इजराइल में कार्यरत यूपी के 6000 से ज्यादा मजदूर सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि हम भारतीय दूतावास के साथ निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। दूतावास के अधिकारियों के जरिए हम हर श्रमिक की लोकेशन और सुरक्षा स्थिति की जानकारी ले रहे हैं। यूपी सरकार ने साफ किया कि जरूरत पड़ने पर श्रमिकों की सुरक्षित वापसी की पूरी व्यवस्था पहले से तैयार है। हालांकि, फिलहाल किसी भी मजदूर ने विशेष रूप से भारत लौटने की इच्छा नहीं जताई है। प्रमुख सचिव ने बताया कि सीएम योगी ने इस मामले में सख्त निर्देश दिए हैं कि विदेश में काम कर रहे यूपी के किसी भी मजदूर की सुरक्षा से कोई समझौता न किया जाए। इसके तहत श्रम विभाग लगातार दूतावास के साथ समन्वय कर रहा है। इस जंग की शुरुआत से ही ईरान तेल अवीव समेत इजराइल के बड़े शहरों पर मिसाइलें बरसा रहा है। ऐसे में विदेश में रह रहे भारतीयों, खासकर इजराइल में काम करने वाले मजदूरों की सुरक्षा चिंता का विषय बन गई थी। यूपी भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के कारण यहां से सबसे ज्यादा लोग इजराइल में निर्माण, कृषि और अन्य क्षेत्रों में काम करते हैं। योगी सरकार ने तनाव शुरू होते ही तुरंत सक्रिय भूमिका निभाई। सुंदरम ने भारतीय दूतावास, तेल अवीव के साथ सीधा संपर्क स्थापित किया और यूपी के श्रमिकों की सूची साझा की। दूतावास के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी भारतीय नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया कि अगर कोई श्रमिक स्वेच्छा से भारत लौटना चाहे या स्थिति और बिगड़ती है, तो उनकी सुरक्षित वापसी की पूरी व्यवस्था कर ली गई है। श्रम विभाग ने सभी जिला मजदूर कल्याण अधिकारियों को अलर्ट किया है कि अगर कोई श्रमिक परिवार से संपर्क कर सहायता मांगे तो तुरंत मदद की जाए। डॉ. शन्मुगा सुंदरम ने कहा कि हमारी प्राथमिकता श्रमिकों की सुरक्षा है। अभी हालात नियंत्रण में हैं और श्रमिक अपने काम पर बने हुए हैं, लेकिन सरकार किसी भी आपात स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार है।

# पत्नी पर लगाए कांग्रेस नेताओं के आरोपों का है पाकिस्तानी कनेक्शन

### असम सीएम सरमा ने कहा- यह चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास

**गुवाहाटी (एजेंसी)।** असम विधानसभा चुनाव के पहले राज्य की राजनीति में उबाल आ गया। सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने अपनी पत्नी रिंकी भुइयां सरमा पर कांग्रेस द्वारा लगाए गए वित्तीय आरोपों को पूरी तरह खारिज करते हुए इसमें विदेशी साजिश और पाकिस्तानी कनेक्शन होने का दावा किया है। इस मामले में अब कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई है और एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है।



यह आरोप उन्होंने तब लगाया जब कांग्रेस नेताओं ने मौजूदा चुनावी माहौल में उनकी पत्नी के वित्तीय और निजी रिकॉर्ड पर सवाल उठाए। यह विवाद तब शुरू हुआ जब गौरव गोगोई समेत कांग्रेस नेताओं ने नई दिल्ली और गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दावा किया कि सीएम सरमा की पत्नी, रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन पासपोर्ट हैं और वह व्योमिंग स्थित एक कंपनी के ज़रिए 52,000 करोड़ रुपए की संपत्ति को नियंत्रित करती हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सरमा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस्तेमाल की गई सामग्री एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया नेटवर्क से ली गई थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी मीडिया चैनलों ने हाल के दिनों में असम चुनावों पर असामान्य रूप से कई चर्चाएं प्रसारित की हैं, जो सभी कांग्रेस के पक्ष में थीं। उन्होंने दावा किया कि पिछले 10 दिनों में पाकिस्तान में कम से कम 11 टॉक शो असम चुनावों पर केंद्रित थे। उन्होंने इसे अभूतपूर्व बताया और सुझाव दिया कि यह चुनावी माहौल को प्रभावित करने का एक सुनियोजित प्रयास है।

सरमा ने पुष्टि की कि उनकी पत्नी, रिंकी भुइयां ने एफआईआर दर्ज कराई है जिसमें उन्होंने आरोपों को मनगढ़ंत और मानहानिकारक करार दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि चुनावों को प्रभावित करने के लिए कथित तौर पर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करने पर गंभीर कानूनी परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। कांग्रेस के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए सीएम सरमा ने तर्क दिया कि विदेशों में शेल कंपनियां बनाना अपेक्षाकृत आसान है और उन्होंने अपने विरोधियों पर सबूत गढ़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति 199 यूएसडी का भुगतान करके कंपनी रजिस्टर करवा सकता है। कल की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद उन्होंने तो रिंकी के नाम पर एक और कंपनी भी बना ली। उन्होंने फिर दोहराया कि कांग्रेस नेताओं द्वारा पेश किए गए दस्तावेज़, जिनमें पासपोर्ट की तस्वीरें भी शामिल थीं, मनगढ़ंत थे और उन्हें संदिग्ध विदेशी संस्थाओं से हासिल किया गया था। बता दें असम में मतदान 9 अप्रैल को होना है और परिणाम 4 मई को आएगा।

## पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले घाटी पहुंचे सीडीएस जनरल चौहान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था को अभूतपूर्व रूप से मजबूत किया गया है। जैसे-जैसे बरसी नजदीक आ रही है, घाटी में सतर्कता और सख्ती साफ दिख रही है। सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट हैं और जमीन से लेकर आसमान तक निगरानी का व्यापक नेटवर्क तैयार है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते नाकाम कर सके।



इस बीच रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कश्मीर दौरा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उन्होंने उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) का दौरा कर सुरक्षा हालात और ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने चिनार कोर की तैयारियों की सराहना कर संकेत दिया कि अब सुरक्षा बल केवल जवाब देने की रणनीति तक सीमित नहीं रहने वाले हैं, बल्कि दुश्मन की हर चाल को पहले से भांपकर विफल करने के लिए तैयार हैं।

जनरल चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि अब पारंपरिक युद्ध के तरीके पर्याप्त नहीं हैं और ÷मल्टी-डोमेन ऑपरेशन्स÷ यानी बहु-आयामी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है। इसके तहत सेना, वायुसेना, नौसेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां एकीकृत ढांचे में मिलकर काम करेंगी। आधुनिक तकनीक, साइबर क्षमता और मानसिक दृढ़ता को भी इस रणनीति का अहम हिस्सा बताया गया। घाटी में जमीनी स्तर पर भी कार्रवाई तेज कर दी गई है। सांबा जिले में संदिग्ध गतिविधियों के बाद सेना, पुलिस और अर्धसैनिक बलों ने संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। हालांकि अभी तक किसी मुठभेड़ की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यह स्पष्ट है कि सुरक्षा बल किसी भी सूचना को हल्के में नहीं ले रहे। इसके अलावा, सीमाओं पर घुसपैठ रोकने के लिए एलओसी पर विशेष निगरानी बढ़ा दी गई है। ड्रोन, सेंसर और अन्य आधुनिक उपकरणों के जरिए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। खुफिया तंत्र को भी पहले से ज्यादा सक्रिय और मजबूत किया गया है। कुल मिलाकर, पहलगाम हमले की बरसी केवल एक याद नहीं, बल्कि एक मजबूत संकल्प का प्रतीक बन गई है। यह संकल्प है कि अब कोई चूक नहीं होगी और हर खतरे का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला नहीं, बल्कि पहल कर खतरे को खत्म करने वाला देश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# तमिलनाडु में बड़े दलों ने ब्राह्मणों को किया दरकिनार, टिकट देने को भी नहीं हैं तैयार

**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए प्रमुख राजनीतिक दलों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इन सूचियों के विश्लेषण से एक चौंकाने वाला पैटर्न सामने आया है-राज्य की मुख्यधारा की राजनीति से ब्राह्मण उम्मीदवारों का लगभग पूरी तरह गायब होना। करीब 3 प्रतिशत आबादी वाले इस समुदाय को द्रविड़ राजनीति के गढ़ में इस बार बड़ी पार्टियों ने टिकट देने से परहेज किया है। राजनीतिक विश्लेषक इसे राज्य के चुनावी इतिहास में एक बड़े बदलाव के रूप में देख रहे हैं।

सबसे चौंकाने वाला फैसला अन्नाद्रमुक (एआईएडीएमके) का रहा है। लगभग 35 वर्षों में यह पहली बार है जब पार्टी ने एक भी ब्राह्मण उम्मीदवार को मैदान में नहीं उतारा है। पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता के निधन के बाद से पिछले 10 वर्षों में पार्टी ने केवल एक बार 2021 में इस समुदाय के व्यक्ति को टिकट दिया था। विशेषज्ञों का मानना है कि जयललिता और एमजीआर के दौर में ब्राह्मण उम्मीदवार पार्टी की प्राथमिकता हुआ करते थे, लेकिन अब समीकरण बदल चुके हैं। राजनीतिक टिप्पणीकारों के अनुसार, जयललिता के बाद ब्राह्मण मतदाताओं का झुकाव भाजपा की ओर बढ़ा है, जिसके कारण अन्नाद्रमुक को अब इस समुदाय को टिकट देने में कोई सीधा चुनावी लाभ नजर नहीं आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि हिंदुत्व की राजनीति करने वाली भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी 27 सीटों की सूची में किसी ब्राह्मण चेहरे को स्थान नहीं दिया है। इसी तरह सत्ताधारी द्रमुक (डीएमके) और कांग्रेस ने भी इस समुदाय से दूरी बनाई है। द्रमुक की राजनीति का आधार ही गैर-ब्राह्मण सशक्तिकरण रहा है, इसलिए उनकी सूची में यह बदलाव स्वाभाविक माना जा रहा है।

हालांकि, मुख्यधारा की पार्टियों के उलट कुछ नए और छोटे दलों ने अलग राह चुनी है। अभिनेता विजय की नई पार्टी तमिलगा वेत्रि कझगम (टीवीके) ने दो ब्राह्मण उम्मीदवार उतारे हैं। विश्लेषकों का मानना है कि विजय इसके जरिए संदेश देना चाहते हैं कि उनकी पार्टी ब्राह्मण-विरोधी नहीं है। वहीं, तमिल राष्ट्रवादी नेता सीमन की पार्टी नाम तमिलर कच्ची (एनटीके) ने सबसे अधिक छह ब्राह्मण उम्मीदवारों को टिकट दिया है। सीमन ने मायिलापुर और श्रीरंगम जैसे क्षेत्रों को चुना है जहाँ ब्राह्मण मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। जानकारों का कहना है कि सीमन द्रविड़ दीवार को तोड़ने के लिए हर सामाजिक समीकरण का इस्तेमाल कर रहे हैं। कुल मिलाकर, तमिलनाडु की चुनावी बिसात पर इस बार पारंपरिक जातीय प्रतिनिधित्व के मायने बदलते दिख रहे हैं।



# विज्ञान आधारित स्वास्थ्य क्रांति की ओर बढ़ती दुनिया



योगेश कुमार गोयल

**'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी।**

स्वा*स्थ्य का विज्ञान, समानता का आधार...*
दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और वैश्विक स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने के उद्देश्य के साथ विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के बैनर तले प्रतिवर्ष 7 अप्रैल को एक खास थीम के साथ 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाए जाने का प्रमुख उद्देश्य स्वास्थ्य को लेकर विश्व में प्रत्येक व्यक्ति को बीमारियों के प्रति जागरूक करना, लोगों के स्वास्थ्य स्तर को सुधारना और हर व्यक्ति को इलाज की अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना ही है। पूरी दुनिया इस साल 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट रहें, विज्ञान के साथ खड़े रहें' विषय के साथ 76वां विश्व स्वास्थ्य दिवस मना रही है। यदि पिछले कुछ वर्षों की स्वास्थ्य दिवस की थीम पर नजर डालें तो 2025 का विषय था 'स्वस्थ शुरूआत, आशापूर्ण भविष्य', 2024 में यह दिवस 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार', 2023 में 'सभी के लिए स्वास्थ्य', 2022 में 'हमारा ग्रह, हमारा स्वास्थ्य', 2021 में 'सभी के लिए एक निष्पक्ष, स्वस्थ दुनिया का निर्माण', 2020 में 'नर्सों और दाईयों का समर्थन करें' तथा 2019 में 'सार्वभौमिक स्वास्थ्यः हर कोई, हर जगह' विषय के साथ मनाया गया था। इस वर्ष का विषय न केवल वैश्विक सहयोग को सुदृढ़ करने का आह्वान करता है बल्कि भ्रामक सूचनाओं के इस दौर में वैज्ञानिक प्रमाणों पर जन-विश्वास को पुनर्स्थापित करने और साक्ष्य-आधारित नीतियों के माध्यम से मानवता की रक्षा करने पर केंद्रित है।

'विश्व स्वास्थ्य दिवस' मनाए जाने की शुरूआत डब्ल्यूएचओ द्वारा 7 अप्रैल 1950 को की गई थी और यह दिवस मनाने के लिए इसी तारीख का निर्धारण डब्ल्यूएचओ की संस्थापना वर्षगांठ को चिन्हित करने के उद्देश्य से ही किया गया था। डब्ल्यूएचओ की स्थापना के साथ ही 1948 में विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव भी रख दी गई थी। दरअसल उस समय लोगों की सेहत को बढ़ावा देने और उन्हें गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दुनिया के कई देशों ने मिलकर दुनियाभर में ठोस कार्य करने की जरूरत पर बल दिया और आखिरकार विश्व स्वास्थ्य दिवस की नींव रखने के दो वर्ष बाद सन 1950 में पहली बार 7 अप्रैल को यह दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र का अहम हिस्सा 'डब्ल्यूएचओ' दुनिया के तमाम देशों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर आपसी सहयोग और मानक विकसित करने वाली संस्था है, जिसका प्रमुख कार्य विश्वभर में स्वास्थ्य समस्याओं पर नजर रखना और उन्हें सुलझाने में सहयोग करना है। इस संस्था के माध्यम से प्रयास किया जाता है कि दुनिया का प्रत्येक व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ रहे।



हालांकि चिंता की स्थिति यह है कि पिछले कुछ दशकों में एक ओर जहां स्वास्थ्य क्षेत्र ने काफी प्रगति की है, वहीं कुछ वर्षों के भीतर एड्स, कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के साथ हृदय रोग, मधुमेह, क्षय रोग, मोटापा, तनाव जैसी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र की चुनौतियां निरन्तर बढ़ रही हैं। वैसे तो दुनिया के तमाम देश बीते कुछ दशकों से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहे हैं लेकिन कोरोना काल के दौरान जब अमेरिका जैसे विकसित देश को भी बेबस अवस्था में देखा गया और वहां भी स्वास्थ्य कर्मियों के लिए जरूरी सामान की भारी कमी नजर आई, तब पूरी दुनिया को अहसास हुआ कि अभी भी जन-जन तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वयं मानता है कि दुनिया की कम से कम आधी आबादी को आज भी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं। विश्वभर में अरबों लोगों को स्वास्थ्य देखभाल हासिल नहीं होती। करोड़ों लोग ऐसे हैं, जिन्हें रोटी, कपड़ा और मकान जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तथा स्वास्थ्य देखभाल में से किसी एक को चुनने पर विवश होना पड़ता है।

भारतीय समाज में तो सदियों से धारणा रही है 'पहला सुख निरोगी काया, दूजा सुख घर में हो माया' लेकिन चिंता का विषय यही है कि हमारे यहां भी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बहुत खराब है। बहरहाल, विश्व स्वास्थ्य दिवस के माध्यम से जहां समाज को बीमारियों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जाता है, वहीं इसका सबसे महत्वपूर्ण बिन्दु यही होता है कि लोगों को स्वस्थ वातावरण बनाकर स्वस्थ रहना सिखाया जा सके। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होना ही मानव-स्वास्थ्य की परिभाषा है। यह बेहद चिंता का विषय है कि दुनिया की करीब 30 प्रतिशत आबादी के पास बुनियादी स्वास्थ्य उपचार तक पहुंच नहीं है और करीब 200 करोड़ लोग विनाशकारी अथवा खराब स्वास्थ्य देखभाल लागत का सामना कर रहे हैं, जिसमें काफी असमानताएं हैं, जो सबसे वंचित परिस्थितियों में लोगों को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि स्वास्थ्य का अधिकार एक ऐसा मौलिक मानवाधिकार है, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को बगैर किसी वित्तीय बोझ के, जब भी जरूरत हो, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच मिलनी चाहिए।

वैज्ञानिक उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि तकनीक और विज्ञान तभी वास्तविक रूप से सफल माने जाएंगे, जब वे एक गरीब की झोपड़ी तक सुलभ और वहनीय हों। जल जनित रोग, टाइफाइड और कुपोषण जैसी बीमारियां अभी भी हमारे समाज के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं, जो सीधे तौर पर स्वच्छता, शुद्ध पेयजल और वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन की कमी को दशार्ती हैं। स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को सार्वभौमिक बनाने के लिए विज्ञान के साथ अडिग खड़ा होना और साक्ष्य-आधारित मार्गदर्शन को पूरी निष्ठा से अपनाना ही वह एकमात्र मार्ग है, जो हमें एक स्वस्थ भारत और समृद्ध विश्व की ओर ले जाएगा। आज आवश्यकता केवल उपचार की नहीं बल्कि वैज्ञानिक सोच को अपनी दिनचर्या और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाने की है।

## संपादकीय

### दवा के दर्द

खाड़ी में अमेरिका-इस्राइल व ईरान के बीच जारी संघर्ष का प्रभाव केवल पेट्रोलियम पदार्थों पर ही नहीं, कृषि से लेकर दवा उद्योग पर भी असर दिखाने लगा है। इस संघर्ष ने अब हिमाचल और हरियाणा के दवा उद्योग को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया है। सर्वविदित है, ये क्षेत्र देश के दवा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खासकर लघु एवं मध्यम उद्यमों के माध्यम से। लेकिन पश्चिमी एशिया में जारी अशांति के चलते प्रमुख कच्चे माल की आपूर्ति में अचानक गंभीर व्यवधान पैदा हो गया है। दरअसल, इस संकट के मूल में जरूरी फार्मास्यूटिकल अवयवों यानी एपीआई, सॉल्वैंट्स और पेट्रोकेमिकल डेरिवेटिव्स की कीमतों में भारी वृद्धि होना है। दरअसल, इनमें से कई कच्चे मालों की आपूर्ति पश्चिम एशिया से होती है या इन देशों से लगते समुद्री मार्गों से होकर भारत पहुंचती है। एक तो इस इलाके में संघर्ष के चलते शिपिंग मार्गों पर भारी दबाव पड़ा है। वहीं ऊर्जा साधनों की कीमतों में अस्थिरता के चलते कुछ क्षेत्रों में कच्चे माल की कीमतों में तीस प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। खासकर पैकेजिंग सामग्री, जो अधिकांशतः पेट्रोलियम पदार्थों पर आधारित होती है, वह भी खासी महंगी हो गई है। जिसके चलते प्रतिस्पर्धा के कारण पहले कम लाभ के मार्जिन पर काम कर रहे दवा उद्योग पर अतिरिक्त दबाव पड़ गया है। लेकिन इस संकट का दूसरा पहलू यह है कि इस व्यवधान का असर उद्योग पर वित्तीय कारणों से ही नहीं है, बल्कि श्रमिकों से जुड़े कारणों से भी है।



दरअसल, इस संकट के बीच प्रवासी श्रमिक भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ईंधन संकट और छोटे एलपीजी सिलेंडरों की आवश्यक आपूर्ति में बाधा का असर श्रमिकों के दैनिक जीवन और कार्य स्थिरता को लेकर पड़ना शुरू हो गया है। ऐसे में प्रवासी श्रमिकों पर अत्यधिक निर्भर फार्मा इकाइयों के लिये यह व्यवधान उत्पादकता में गतिरोध पैदा कर सकता है। वास्तव में देखा जाए तो उद्योग की मजबूती केवल आपूर्ति शृंखला से ही नहीं जुड़ी है बल्कि उनके श्रमिकों के हितों और उनके आत्मविश्वास से भी जुड़ी है। हिमाचल प्रदेश के बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ क्षेत्र और हरियाणा के फार्मा क्लस्टर्स पर इसकी दोहरी मार पड़ रही है। जहां एक ओर उत्पादन लागत में भारी वृद्धि हुई है, वहीं दूसरी ओर छोटे निमार्ताओं को उत्पादन में कटौती करने अथवा नुकसान उठाने के लिये मजबूर होना पड़ रहा है। दूसरी ओर बढ़ती लागत व वैश्विक परिवहन लागत में वृद्धि के कारण निर्यात प्रतिस्पर्धा में ये उद्योग पिछड़ रहा है। बहरहाल, इस संकट ने आयातित कच्चे माल और वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर भारत की निर्भरता की कमजोरी को भी उजागर कर दिया है। हालांकि, केंद्र सरकार की पहल से आयातित कच्चे सामान पर शुल्क में छूट से भले ही कुछ राहत मिली हो, लेकिन कच्चे माल के वैकल्पिक स्रोत तलाशने, घरेलू एपीआई उत्पादन क्षमता बढ़ाने और प्रवासी श्रमिकों के लिये सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर व्यापक सुधार करने की आवश्यकता है। सही मायनों में एक दूर का युद्ध भारत की दवा आपूर्ति और उसके उत्पादकों के धैर्य की परीक्षा ले रहा है।

## चिंतन-मनन

### विचारों की तरंगें

राजा की सवारी निकल रही थी। सर्वत्र जय-जयकार हो रही थी। सवारी बाजार के मध्य से गुजर रही थी। राजा की दृष्टि एक व्यापारी पर पड़ी। वह चन्दन का व्यापार करता था। राजा ने व्यापारी को देखा। मन में घृणा और ग्लानि उभर आई। उसने मन ही मन सोचा, यह व्यापारी बुरा है। इसे मृत्युदंड दे देना चाहिए। नगर-परिभ्रमण कर राजा महल में पहुंचा। मंत्री को बुलाकर कहा, मंत्रीवर! न जाने क्यों उस व्यापारी को देखकर मेरा मन उद्विग्न हो गया और मन में आया कि उसको मार डाला जाए। मंत्री ने कहा, राजन मैं सारी व्यवस्था करता हूं। मंत्री व्यापारी के पास गया। औपचारिक बात हुई। व्यापारी ने कहा, मंत्रीजी! चन्दन का भाव प्रतिदिन कम होता जा रहा है। मेरे पास चन्दन का बहुत संग्रह है। लाखों रूपयों का घाटा हो रहा है। मन चिन्ता से भरा है। राजा के सिवाय चन्दन को कौन खरीदे? राजा भी क्यों खरीदेगा? यह तो मरणवेला में प्रचुर मात्रा में काम आती है। मैं घाटे से दबा जा रहा हूं।


सच कहूं, आज जब राजा की सवारी निकल रही थी, तब राजा को देखकर मेरे मन में आया कि यदि आज राजा की मृत्यु हो जाए तो मेरा सारा चन्दन बिक जाए, अच्छे मूल्य में बिक जाए। मंत्री ने सुना। राजा के उदास होने और व्यापारी को मृत्युदंड देने की भावना के जागने का रहस्य समझ में आ गया। विचार संप्रमणशील होते हैं। वे बिना कहे दूसरे तक पहुंच जाते हैं। विचारों की रश्मियां होती हैं और तरंगें पूरे आकाशमण्डल में फैल जाती हैं और सम्बन्धित व्यक्ति के मस्तिष्क से टकराकर उसे प्रभावित करती हैं।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# डोनाल्ड ट्रंप ने खोया मानसिक संतुलन, गाली गलौज पर उतरे



सनत जैन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जब से दूसरी बार राष्ट्रपति बने हैं, उसके बाद से ही उनकी कथनी और करनी को लेकर सारी दुनिया में उनकी एक नई छवि बनी है। पिछले 1 साल में उन्हें एक अहंकारी नेता के रूप में देखा जा रहा था। पिछले एक साल में जिस तरह से उन्होंने टैरिफ को लेकर आतंक मचाया था। उस समय उनकी पहचान एक गैंगस्टर के रूप में बनी थी। अमेरिकी मुद्रा डॉलर में वैश्विक व्यापार सारी दुनिया में होता है। उसके बल पर वह जो दादागिरी कर रहे थे, उसी समय से उनका विरोध होना शुरू हो गया था। उन्होंने वैश्विक व्यापार संधि का उल्लंघन करते हुए अपने मनमाने नियम और कानूनों के बल पर वसूली करने की जो प्रक्रिया शुरू की थी, उसी समय एक गैंगस्टर की तरह उनकी पहचान बनी। जिस तरह से उन्होंने वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी का अपहरण कर अमेरिका लाया। वेनेजुएला की सत्ता में अप्रत्यक्ष रूप से अमेरिका ने खुलेआम कब्जा किया। अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया। उसके बाद उनकी हिम्मत बढ़ी, उन्होंने ईरान मे अयातुल्लाह खामेनेई की सत्ता के खिलाफ ईरान की जनता को भड़काया, वहां पर आंदोलन कराए, खामेनेई को सत्ता से हटाने की कोशिश ट्रम्प ने की। जब यह प्रयास सफल नहीं हो पाया, उसके बाद अमेरिका और इजरायल ने बातचीत में उलझा कर ईरान के ऊपर हमला कर दिया। ईरान की सत्ता के सुप्रीमो अयातुल्लाह खामेनेई सहित दर्जनो नेताओं और रक्षा अधिकारियों की हत्या कर दी गई। ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने सोचा था, जनता विद्रोह करेगी और वह ईरान के पूर्व राज परिवार के निष्कासित सदस्य को ईरान की सत्ता सौंप देंगे। ट्रंप का यह प्रयास सफल नहीं हुआ। ईरान ने अमेरिका की इस कार्यवाही का भरपूर जवाब दिया। पिछले 35 दिनों में ईरान ने बता दिया है, वह युद्ध का मुकाबला और अपनी रक्षा करने में सक्षम है। पिछले 35 दिनों में जिस तरह से ईरान ने अमेरिका और इजरायल की सुरक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करते हुए, जिस तरह का नुकसान पहुंचाया है, उसकी कल्पना अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने नहीं की थी। इतनी करारी चुनौती अमेरिका को ढाई सौ साल के इतिहास में कभी नहीं मिली, जो ईरान से मिल रही है। ईरान ने एक ही झटके में पिछले 47 सालों से अमेरिका द्वारा ईरान पर प्रतिबंध लगाकर जो दादागिरी की जा रही थी। ईरान ने एक ही बार में जवाब देकर अमेरिका के अहंकार को तोड़ते हुए, जिस तरह से भयमुक्त लड़ाई लड़ी जा रही है। उससे लगता है, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है, वह क्या करें। इस युद्ध में रोजाना अमेरिका को आरबों रूपयों की राशि खर्च करनी पड़ रही है। अमेरिका की संसद उनसे पूछ रही है, यह युद्ध हम ईरान से क्यों लड़ रहे हैं। युद्ध लड़ने के लिए ट्रम्प बहुत बड़ी राशि संसद से मांग रहे हैं।

ट्रम्प ने युद्ध करने के पहले संसद को विश्वास में नहीं लिया। वर्तमान स्थिति में अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ विरोध बढ़ता ही जा रहा है। खाड़ी देशों की सुरक्षा अमेरिका नहीं कर पा रहा है। अमेरिका की सारे सैन्य अड्डे ईरान द्वारा बर्बाद कर दिए गए। इसी तरह से इजरायल पर ईरान के हमलों से भारी नुकसान हुआ है। इजरायल में, नेतान्याहू के खिलाफ जनता का विरोध देखने को मिल रहा है। ऐसी हालत में ट्रंप का यह कहना, ईरान बास्टर्ड है। ईरान को नर्क बना देंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने जो पोस्ट की है, उसके शब्द इतने खराब हैं। उसको सह पाना आम आदमी के लिए संभव नहीं है। ट्रम्प ने ईरान के बारे में जिस तरह से पोस्ट में शब्दों का चयन किया है, इसकी दुनिया के देशों में बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हुई है। यह कहा जाने लगा है कि ट्रम्प अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कारण जो रही-सही साख अमेरिका की है, वह कितने दिनों तक बनी रहेगी कहना मुश्किल है। दुनिया के अधिकांश देश मानने लगे हैं, ट्रंप की सनक और अहंकार के कारण सारी दुनिया के देशों में ऊर्जा संकट खड़ा हो गया है। खाद का संकट खड़ा हो रहा है। सारी दुनिया में आर्थिक मंदी की स्थिति देखने को मिलने लगी है। इसके बाद भी डोनाल्ड ट्रंप जिस तरह की हरकत कर रहे हैं, उससे डोनाल्ड ट्रंप के साथ-साथ अमेरिका की साख को भी भारी नुकसान होता हुआ दिख रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की यही नीति कुछ और दिन चलेगी, तो अमेरिका अपना वर्चस्व सारी दुनिया में खो देगा। ऐसा लगने लगा है जो हाल सोवियत रूस का पूर्व राष्ट्रपति गोर्बाच्योव के समय हुआ था। अब वही स्थिति अमेरिका की होती हुई दिख रही है। अमेरिका के राज्यों और आमजनता में जो नाराजगी देखने को मिल रही है। उससे लगता है ट्रम्प ज्यादा दिन तक राष्ट्रपति के पद पर नहीं रह पायेंगे।

# अशोक खरात जैसे ढोंगी बाबाओं पर लगाम कब लगेगी ?



सौरभ वार्ष्णेय



आखिरकार समाज में आस्था के नाम पर पनप रहे ऐसे अनगिनत ढोंगी बाबाओं पर लगाम कब और कैसे लगेगी यह गहरा प्रश्नचिन्ह गहरा रहा है। ऐसे में समाज में जागरूकता, कानून का सख्त पालन और सामाजिक जिम्मेदारी साथ-साथ नहीं चलेंगे, तब तक ऐसे मामले सामने आते रहेंगे। हाल के समय में अशोक खरात (कैप्टन बाबा) को लेकर जो आरोप और विवाद सामने आए हैं, उन्होंने समाज में गहरी चिंता पैदा की है। खुद को धार्मिक या सामाजिक नेता बताने वाले ऐसे व्यक्तियों का आचरण जब नैतिकता और कानून के दायरे से बाहर जाता है, तो वह न केवल अपने अनुयायियों का भरोसा तोड़ता है बल्कि पूरे समाज को बदनाम करता है।

कहा जाता है कि बाबा के नाम पर लोगों की आस्था का फायदा उठाकर कई तरह की अनियमितताएँ और शोषण किए जाते हैं। यदि इन आरोपों में सच्चाई है, तो यह न केवल व्यक्तिगत अपराध है बल्कि समाज की संवेदनाओं के साथ धोखा भी है। आस्था का स्थान हमेशा पवित्र माना गया है, और जब उसी का दुरुपयोग होता है, तो उसका असर व्यापक होता है।ऐसे मामलों में सबसे बड़ी जिम्मेदारी कानून और प्रशासन की होती है कि वे निष्पक्ष जांच करें और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। साथ ही समाज को भी जागरूक रहने की जरूरत है, ताकि अंधभक्ति और बिना जांच-पड़ताल के किसी के पीछे चलने से बचा जा सके। यदि कोई व्यक्ति समाज सेवा या धर्म के नाम पर गलत कार्य करता है, तो वह सच में समाज के नाम पर कलंक ही कहलाएगा। ऐसे मामलों में सख्ती, पारदर्शिता और जागरूकता ही सबसे बड़ा समाधान है।

समाज में जब भी कोई स्वयंभू संत, बाबा या चमत्कारी व्यक्ति तेजी से प्रसिद्धि पाता है, तो उसके पीछे केवल आम लोगों की आस्था ही नहीं, बल्कि प्रभावशाली और रसूखदार लोगों का समर्थन भी बड़ा कारण होता है। अशोक खरात उर्फ कैप्टन बाबाइ के मामले में भी यही सवाल उठता है कि आखिर वीवीआईपी लोग उनके पास क्यों जाते थे? सबसे पहले, आस्था और अंधविश्वास का मिश्रण इस प्रवृत्ति की जड़ में है। सत्ता और पैसे के शिखर पर बैठे लोग भी जीवन की अनिश्चितताओं–राजनीतिक भविष्य, स्वास्थ्य, परिवार या सत्ता की स्थिरता–को लेकर असुरक्षित महसूस करते हैं। ऐसे में वे चमत्कार या आशीर्वाद की तलाश में इन बाबाओं की शरण लेते हैं। दूसरा कारण है प्रभाव और नेटवर्किंग। कई बार ऐसे बाबा केवल धार्मिक व्यक्तित्व नहीं होते, बल्कि वे एक पावर हब बन जाते हैं, जहां नेता, अधिकारी और व्यवसायी एक-दूसरे से जुड़ते हैं। इस तरह उनके दरबार एक अनौपचारिक नेटवर्किंग मंच में बदल जाते हैं, जहां संपर्क बनाना आसान होता है।तीसरा पहलू है छवि निर्माण किसी लोकप्रिय बाबा के साथ दिखना कुछ नेताओं के लिए जनता के बीच धार्मिक और संस्कारी छवि बनाने का माध्यम बन जाता है। इससे वे अपने वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश करते हैं।चौथा और चिंताजनक कारण है व्यक्तिगत लाभ और संरक्षण की उम्मीद। कुछ लोग यह मानते हैं कि ऐसे बाबा उनके काम बनवा सकते हैं, समस्याएं सुलझा सकते हैं या उन्हें किसी तरह का आध्यात्मिक संरक्षण दे सकते हैं। यह मानसिकता लोकतांत्रिक और वैज्ञानिक सोच के लिए खतरनाक है।

लेकिन इस पूरे प्रकरण का सबसे गंभीर पहलू यह है कि जब वीवीआईपी स्तर के लोग ऐसे व्यक्तियों के पास जाते हैं, तो आम जनता में उनकी विश्वसनीयता स्वतः बढ़ जाती है। इससे अंधविश्वास को बढ़ावा मिलता है और समाज में तर्क और विवेक की जगह कमजोर पड़ती है। यह जरूरी है कि समाज–विशेषकर प्रभावशाली वर्ग–तर्क, वैज्ञानिक सोच और पारदर्शिता को प्राथमिकता दे। किसी भी व्यक्ति को बिना प्रमाण और जवाबदेही के चमत्कारी मान लेना न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि सामाजिक स्तर पर भी नुकसानदायक हो सकता है।

अशोक खरात उर्फ कैप्टन बाबा का नाम हाल के वर्षों में उनकी अकूत संपत्ति और गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। नासिक से शुरू हुआ यह मामला केवल एक तथाकथित धार्मिक गुरुइ की कहानी नहीं, बल्कि आस्था के नाम पर खड़े किए गए एक विशाल और संदिग्ध साम्राज्य का खुलासा है।

जांच एजेंसियों के अनुसार, अशोक खरात ने खुद को ज्योतिषी, तांत्रिक और चमत्कारी शक्तियों वाला व्यक्ति बताकर लोगों, खासकर महिलाओं का विश्वास जीता। इसी विश्वास का दुरुपयोग कर उन्होंने न केवल आर्थिक लाभ अर्जित किया, बल्कि शोषण और ब्लैकमेलिंग जैसे गंभीर अपराधों को भी अंजाम दिया।सबसे चौंकाने वाला पहलू उनकी संपत्ति को लेकर सामने आया है। विभिन्न रिपोर्ट्स के अनुसार, उनके पास सैकड़ों करोड़ रुपये की संपत्ति होने का अनुमान है–कुछ जगहों पर यह आंकड़ा 200 करोड़ से लेकर 500 करोड़ और यहां तक कि 1500 करोड़ रुपये तक बताया गया है। यह संपत्ति न केवल उनके नाम पर, बल्कि पत्नी, बेटी और अन्य रिश्तेदारों के नाम पर भी पाई गई, जिससे बेनामी निवेश और मनी लॉन्ड्रिंग की आशंका मजबूत होती है।जांच में यह भी सामने आया कि इस तथाकथित आध्यात्मिक साम्राज्य के पीछे एक संगठित तंत्र काम कर रहा था–जिसमें कोड लैंग्वेज, गुप्त कैमरे और ब्लैकमेलिंग के नेटवर्क शामिल थे।इसके अलावा, उनके पास से सैकड़ों आपत्तिजनक वीडियो और दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं, जो इस पूरे नेटवर्क की गहराई को दशार्ते हैं।

यह मामला केवल व्यक्तिगत अपराध तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके तार राजनीति और प्रशासन तक भी जुड़ते दिखाई दिए हैं, जिससे इसकी गंभीरता और बढ़ जाती है। अशोक खरात का मामला केवल एक व्यक्ति की अकूत संपत्ति का नहीं, बल्कि उस तंत्र का प्रतीक है जिसमें अंधविश्वास, लालच और सत्ता का गठजोड़ समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाता है।

# हसनपुर पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा,एक हिस्ट्रीशीटर चोर को किया गिरफ्तार



हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना):- पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देश अनुसार अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए एक चोरी की घटना का खुलासा किया गया है जिसमें पुलिस ने एक शातिर हिस्ट्रीशीटर चोर को गिरफ्तार किया है और उसके कब्जे से चोरी किए गए दो मोबाइल फोन एक तूफान पंखा व एक अवैध तमंचा/कारतूस बरामद किए गए।

बता दें कि बीते रविवार को जनपद के हसनपुर कोतवाली परिसर में सुम्मेरा पुत्र देवी सहाय निवासी ग्राम बाईखेड़ा, थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा द्वारा लिखित तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध घर में चार्जिंग पर लगे दो मोबाइल फोन व एक तूफान पंखा चोरी किए जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सीसीटीवी कैमरों तथा स्थानीय सूचना तंत्र के आधार पर ग्राम करनखाल से गंगाचोली मार्ग स्थित बंद पड़े पेट्रोल पंप के पास से हिस्ट्री शीटर चोर कलवा पुत्र जयप्रकाश निवासी गांव कालकावाली डगरोली थाना हसनपुर, जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए युवक के कब्जे से चोरी किये हुए दो मोबाइल फोन, एक तूफान पंखा तथा एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। इस घटना में शामिल सह अभियुक्त हरवंश पुत्र होराम निवासी ग्राम बाईखेड़ा मौके से फरार हो गया जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस का प्रयास लगातार जारी है।

# धनौरा प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव के दौरान परीक्षाफल वितरण,पालिकाध्यक्ष ने दिया विकास का आश्वासन



धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद की मंडी धनौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव के दौरान परीक्षा फल वितरण किए गए साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन कराया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विद्यालय के विकास के लिए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया और छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

बता दें कि सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के लिए प्राथमिक विद्यालयों से ही मजबूत होती है। उन्होंने विद्यालय की विभिन्न भौतिक समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर ठीक करने का पूर्ण आश्वासन दिया। वहीं कार्यक्रम में मौजूद विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद्र विद्यालय के शैक्षिक वातावरण और समस्त स्टाफ के समर्थन की सराहना की। उन्होंने वहां मौजूद अभिभावकों को संवाद करते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय भेजने की अनिवार्यता पर जोड़ दिया।प्रकाश चंद ने सरकारी योजनाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर भी प्रकाश डाला।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए देशभक्ति गीत, लोक नृत्य और लघु नाटक रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षाफल वितरित किए गए। अपनी कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीतू सिंह ने किया अंत में प्रधानाचार्य सुंदर लाल ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एआरपी सुनील कुमार, शिक्षित कुमार,रोहिताश सिंह, सत्य प्रकाश, शिक्षक ऋषिपाल सिंह, संदीप भाटिया, आरती बंसल, प्रयत्न कौर, जितेश कुमार, मीनू माहौर, सहित भारी संख्या में अभिभावक और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर अमरोहा पुलिस की सख्त कार्रवाई, किए गए 205 चालान, हटाया गया अतिक्रमण







अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।

जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए पटाखों जैसी तेज ध्वनि उत्पन्न करने वाले मोडिफाइड साइलेंसर, मानक के विरुद्ध/दोषपूर्ण नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेल्मेट वाहन संचालन तथा वाहनों पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई।

अभियान के अंतर्गत कुल 205 चालान मोटर वाहन अधिनियम के तहत किए गए। साथ ही शहर के प्रमुख चौराहों एवं तिराहों से अतिक्रमण हटवाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया गया।

जिलाधिकारी के आदेशों के अनुपालन में एआरटीओ महेश कुमार एवं प्रभारी निरीक्षक यातायात राजेन्द्र कुमार द्वारा जनपद स्थित आर्यन पब्लिक स्कूल एवं नार्दन पब्लिक स्कूल के कुल 26 विद्यालय वाहनों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान स्कूल वाहन निगरानी पोर्टल के संबंध में जानकारी देते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

मोडिफाइड साइलेंसर/हूटर के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत 01 वाहन को सीज किया गया तथा अन्य उल्लंघनकताओं के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई।

अमरोहा पुलिस द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

# धनौरा पुलिस ने झपटमार चोर को किया गिरफ्तार

## चोरी की घटना का खुलासा कर , चोर के कब्जे से लगभग 40,000 की बाली बरामद




धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के मंडी धनौरा थाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अमरोहा लखन सिंह यादव के निर्देश अनुसार अपराध एवं उपाधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर हिस्ट्रीशीटर झफटमार चोर को गिरफ्तार करते हुए चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरफ्तार हुए चोर के कब्जे से ड्ढ40000 अनुमानित कीमत की सोने की बाली बरामद करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को अपराध की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

बता दें कि बीते 4 अप्रैल 2026 को मंडी धनौरा थाना परिसर में वादी द्वारा तहरीर दी गई कि उनकी दादी के कान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा झपट्टा मारकर सोने की बाली छीन ली गई है। उक्त सूचना के आधार पर थाना मंडी धनौरा में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा घटना की गंभीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र अधिकारी धनौरा के नेतृत्व में थाना मंडी धनौरा पर पुलिस टीमें गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। सोमवार को संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग व सूचना के आधार पर रामगंगा पोशाक नहर पटरी के पास से हिस्ट्रीशीटर चोर सलमान पुत्र चिरागुद्दीन निवासी मोहल्ला कटरा थाना मंडी धनौरा को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त चोर के कब्जे से छीनी गई सोने की बाली बरामद की गई। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त चोर से पूछताछ के दौरान उसने बताया कि धनौरा कस्बे में उसने एक वृद्ध महिला के कान से झपट्टा मारकर सोने की बाली छीनी थी। पुलिस से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त थाना मंडी धनौरा का हिस्ट्रीशीटर है। जिसके थाना मंडी धनौरा सहित कई अन्य थानों में अपराधिक इतिहास पंजीकृत है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को अपराध की संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# जीरो पॉवर्टी में चयनित लाभार्थियों को प्राथमिकता से दिया जाए योजनाओं का लाभ



अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना, जीरो पॉवर्टी कार्यक्रम और कैच द रैन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

प्रधानमंत्री पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत जनपद की प्रदेश में अच्छी रैंक आने पर जिलाधिकारी ने विभागों को शुभकामनाएं दी और कहा इसी प्रकार अब जो लक्ष्य प्राप्त हुए उनको भी हमें पूरा करना है। उन्होंने विभाग बार कितने रजिस्ट्रेशन किया और कितने इंस्टॉलेशन की जानकारी प्राप्त की और उन्होंने जनपद की बैंकों को 20 का लक्ष्य, खंड विकास अधिकारी को 15 का लक्ष्य, नगर पंचायत को 20 का लक्ष्य, नगर पालिकाओं को 30 का लक्ष्य, नगर पालिका परिषद अमरोहा को 50 का लक्ष्य जिला पूर्ति अधिकारी को 20 का लक्ष्य, विद्युत विभाग को 100 का लक्ष्य, जिला विद्यालय निरीक्षक को 50 का लक्ष्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को 50 का लक्ष्य आदि सहित अन्य विभागों को लक्ष्य निर्धारित किया और कहा आगामी बैठक में इस लक्ष्य के सापेक्ष कितनी प्रगति हुई की चर्चा की जाएगी।

जिलाधिकारी ने फैमिली आईडी बनाने में कार्य धीमी गति को लेकर नाराज की व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि दिनांक 08, अप्रैल को जनपद की समस्त नगर निकायों के वार्डों, ब्लॉक, ग्राम पंचायत में फैमिली आईडी बनाने के लिए मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा जिसमें संबंधित उपस्थित रहकर अधिक से अधिक फैमिली आईडी बनवाये। उन्होंने जीरो पावर्टी में चयनित परिवारों को आवास, राशन, पेंशन, आयुष्मान कार्ड और गैस कनेक्शन, दिव्यांगजन पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर देने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी द्वारा कैच द रेन अभियान के पोर्टल जल संचय जन भागीदारी पोर्टल की समीक्षा की गई स्थल चिह्नित कर रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण कराया जाये। निर्देश दिए कि लक्ष्य के सापेक्ष संबंधित पूर्ण कार्यों को जल संचय जन भागीदारी पोर्टल पर आवश्यक रूप से मासान्त तक अपलोड करें और लक्ष्य पूर्ण करें। ई-ऑफिस के संबंध में समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यह शासन की प्रमुखता में है इसलिए सभी पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से अवश्य हो। बैठक में अपर उप जिलाधिकारी मसीहा नजम, पीडीडीआरडीए, अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अज्ञात कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, ई-रिक्शा खाई में पलटने से चार लोग घायल



गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के गजरौला-हसनपुर मार्ग पर एक कार और ई रिक्शा की टक्कर हो गई जिससे ई-रिक्शा सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गया।इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बता दें कि पूरा मामला गजरौला हसनपुर मार्ग स्थित गांव सिहाली जागीर के निकट का है। जहां पर एक अज्ञात अनियंत्रित कार ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। टक्कर जबरदस्त होने के कारण ई रिक्शा पलट कर सड़क किनारे खाई में जाकर गिरी। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों एवं राहगीरों की भीड़ लग गई। जिन्होंने आनन फानन में घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव मोहरका पट्टी निवासी ई रिक्शा चालक बाबू सोमवार की दोपहर जयतौली निवासी रिजवान अली सहित अन्य सवारियों को लेकर हसनपुर जा रहा था। रिजवान अली अपनी बीमार बेटी को भर्ती करने के लिए दिल्ली से लौट रहे थे जैसे ही ई रिक्शा सिहाली जागीर के पास पहुंचा तो एक तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर से ई रिक्शा अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे खाई में जाकर पलट गया।इस हादसे में ई रिक्शा चालक बाबू और रिजवान अली गंभीर रूप से घायल हो गए,

उन्हें हसनपुर नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है चिकित्सकों के अनुसार रिजवान अली का पैर फैक्चर हो गया है। ई रिक्शा में सवार दो अन्य महिलाओं को भी गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आरोपी कार चालक कार सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# ईओ ने जनगणना 2027 की पालिका स्तर से की जाने वाली तैयारीयों के संबंध मे की समीक्षा







अमरोहा (सब का सपना):- नगर पालिका परिषद अमरोहा के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने पालिका मे अधीनस्थ स्टॉफ के साथ बैठक कर जनगणना 2027 के सम्बन्ध मे पालिका द्वारा की जा रही तैयारीयों सहित विभिन्न योजनाओं, कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर अधिनस्थो को आवश्यक निर्देश दिए गए। सबसे पहले जनगणना 2027 की पालिका स्तर से की जाने वाली तैयारीयों की समीक्षा करते हुए संबंधित कार्मिको को निर्देशित किया गया की जब तक जनगणना पोर्टल पर कार्य हलका है तब तक लगाए गए सुपरवाइजर, प्रगणको की ड्यूटी क्षेत्र की तैयारी व उनकी तैनाती की योजना व तदानुसार उनके प्रशिक्षण की तैयारी व प्रशिक्षण हेतु उचित भवन का चयन किया जाये। प्रशिक्षण हेतु कार्मिको का बैच बनाया जाये उसी के अनुरूप प्रशिक्षण का शेड्यूल तैयार किया जाये। गणना हेतु बनाये गए ब्लॉक की चौहद्दी का निर्धारण कर लिया जाये जिससे जनगणना के निर्धारित शेड्यूल अनुसार समय से कार्य पूर्ण कराते हुए जनगणना को मानक अनुसार पूर्ण किया जा सके।

इसके अतिरिक्त आई गॉट कर्मयोगी एप पर वांछित प्रशिक्षण पूर्ण किया जाना प्रत्येक कार्मिक के लिए अनिवार्य है जिसे आगामी 8 अप्रैल तक पूर्ण किया जाना है इसके लिए पालिका के समस्त अनुभागीय अधिकारियो की ड्यूटी लगायी गयी है। वर्तमान मे पालिका द्वारा नगर मे वार्डवार फैमिली आईडी पोर्टल पर परिवारों का पंजीकरण कराये जाने हेतु कैम्पो का आयोजन किया जा रहा है, इन्ही कैंप मे दैनिक प्रगति की समीक्षा कर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष पंजीकरण कराये जाने के निर्देश देते हुए चेतावनी दी गयी की लक्ष्य से पिछड़ने वाले लगाए गए कार्मिको का वेतन रोकते हुए उनके विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त पी. एम.सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना मे नगर के परिवारों को योजना का लाभ दिलाये जाने के निर्देश दिए गए साथ ही बताया गया की इस महत्वपूर्ण एवं लोक कल्याणपुर कारी योजना से अधिक से अधिक लोगो को अच्छादित करवाया जाये जिससे लोगो पर बिजली बिल का भार कम से कम पड़े इसीलिए सरकार द्वारा घरेलु संयोजन पर बड़ी सब्सिडी सहायता दी जा रही है। अधिशासी अधिकारी डॉक्टर बृजेश कुमार द्वारा इसके अतिरिक्त वर्षा ऋतु से पूर्व समस्त छोटे बड़े नालो की सफाई, ग्रीष्म ऋतु से पूर्व समस्त हैंडपम्प, फायर हाईडरेंट, पालिका वाटर कूलरो की मरम्मत करवा लीं जाये। कैच द रैन योजना के अंतर्गत पालिका को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष समस्त सोक पिट का निर्माण आगामी 15 दिवस के भीतर पूर्ण करवा लिया जाये जिससे वर्षा ऋतु मे वर्षा जल का संचयन किया जा सके। उप नगर आयुक्त द्वारा बैठक मे उपस्थित पालिका अधिकारियो व कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया की शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का शत प्रतिशत किर्यान्वयन सुनिश्चित करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति से दैनिक रूप से उन्हें अवगत कराया जाये शासन की महत्वपूर्ण योजनाए जिनकी दैनिक समीक्षा उच्च अधिकारियो द्वारा नियमित रूप से की जा रही है उनमे किसी भी प्रकार की लापरवाही परिलक्षित होने पर संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर कठोर विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बैठक मे समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अभ्युदय कोचिंग योजना ने जिले के प्रतियोगी छात्रों के लिए खोली सफलता की नई राहें

## यूपीएससी/यूपीपीएससी में 117 और नीट में 54 छात्र-छात्राएं हैं पंजीकृत, नीट का कोर्स पूरा




अमरोहा (सब का सपना):- मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना अमरोहा जिले के प्रतियोगी छात्रों के लिए सफलता की नई राहें खोल रही है। जिले में वर्तमान में योजना का केवल एक मात्र केंद्र संचालित है, जो हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में स्थित है। इस केंद्र पर विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा छात्रों को निशुल्क शिक्षा दी जा रही है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, इस केंद्र पर यूपीएससी/यूपीपीएससी (वढरउ/वढढरउ) की तैयारी के लिए 117 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। वहीं, नीट (ठएएळ) की तैयारी के लिए 54 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिनका कोर्स बीते 18 मार्च को सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। मुफ्त कोचिंग में छात्रों की उपस्थिति की चुनौती को देखते हुए अब प्रशासन रोचक शिक्षण विधियों और स्मार्ट क्लास के जरिए डिजिटल पढ़ाई की ओर कदम बढ़ा रहा है। अमरोहा में योजना के तहत शिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) अश्वनी कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में एक समिति शिक्षकों का चयन करती है। साक्षात्कार के जरिए चुने गए इन शिक्षकों की कार्यप्रणाली का हर महीने छात्रों से फीडबैक लिया जाता है। निदेशालय से प्राप्त शेड्यूल के मुताबिक कक्षाएं चलती हैं और किसी भी विषय के खत्म होने पर ओपन बुक टेस्ट व पैनल डिस्कशन आयोजित कराए जाते हैं। टेस्ट में छात्रों की रैंकिंग भी जारी की जाती है, जिससे उनके बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित हो सके।

### गांवों में मुनादी और कैंप से होगा प्रचार

योजना का लाभ अंतिम छोर पर बैठे युवा तक पहुंचाने के लिए अप्रैल माह में ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कैंप लगाए जाएंगे। फील्ड स्टाफ और एडीओ के माध्यम से गांव-गांव में युवाओं को योजना के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा, स्थानीय डिग्री कॉलेजों में पोस्टर लगाने, अखबारों में विज्ञप्ति देने और ऑटो रिक्शा में लाउडस्पीकर के जरिए मुनादी कराने की भी वृहद रूपरेखा तैयार की गई है। वर्तमान में योजना के तहत केवल ऑफलाइन कक्षाएं ही संचालित हो रही हैं, लेकिन ग्रामीण अंचल के दूर-दराज वाले इलाकों के बच्चों के लिए अब डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार करने की योजना है। इसके लिए स्मार्ट क्लास की डिमांड निदेशालय से की गई है, ताकि आने वाले समय में यूट्यूब और ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से भी ग्रामीण छात्रों को जोड़ा जा सके। फिलहाल सिलेबस पूरा होने के कारण कक्षाएं बंद हैं और मई या जून माह से नया सत्र शुरू होने की संभावना है। यदि सीटों के मुकाबले अधिक आवेदन आते हैं, तो प्रवेश परीक्षा (एंट्रेंस टेस्ट) के आधार पर दाखिला दिया जाएगा।

### उपस्थिति बढ़ाने के लिए अपनाई जा रही नई रणनीति

मुफ्त कोचिंग होने के कारण कई बार छात्रों की उपस्थिति में अनियमितता देखने को मिलती है, जो कि प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है। अमूमन 100 छात्रों के बैच में कम से कम 80 प्रतिशत उपस्थिति बनाए रखने का लक्ष्य रहता है। इस समस्या से निपटने के लिए अब यह तय किया गया है कि नए सत्र की शुरूआत में कठिन या उबाऊ विषयों के बजाय सबसे पहले रोचक विषय पढ़ाए जाएं, जिससे छात्रों का जुड़ाव बढ़े और वे नियमित रूप से कक्षाओं में आएं। इसके साथ ही, निदेशालय स्तर से भी वीडियो कॉल और उपस्थिति पंजिका के माध्यम से नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं का सम्मान, जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बहजोई/सम्भल(सब का सपना):- महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत सोमवार को जनपद में एक प्रभावी जागरूकता एवं सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैसिया एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर उन महिलाओं एवं बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने साहसिक कार्य कर समाज में उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया या पुलिस कार्यों में महत्वपूर्ण सहयोग दिया।



कार्यक्रम के दौरान कुल 60 महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साहवर्धन किया गया। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता के लिए 1000 पम्पलेट वितरित किए गए तथा 4000 लोगों तक ऑनलाइन/सॉफ्ट कॉपी के माध्यम से महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाया गया।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों, हेल्पलाइन नंबरों तथा आत्मनिर्भरता से जुड़े विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज के प्रत्येक वर्ग को इस दिशा में जागरूक और संवेदनशील बनाना आवश्यक है। मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से जनपद में लगातार सकारात्मक और सुरक्षित वातावरण बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी गई श्रद्धांजलि

चंदौसी/सम्भल(सब का सपना):- सोमवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चंदौसी द्वारा पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर स्टेशन रोड स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया और माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी उपस्थित रहीं। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई कर राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक



राजनीतिक दल की स्थापना का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र सेवा, समर्पण और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 1980 में स्थापित भाजपा ने राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास के सिद्धांतों को सदैव सर्वोपरि रखा है। उन्होंने आगे कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ भाजपा देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है, जिसका श्रेय करोड़ों कार्यकताओं की मेहनत और त्याग को जाता है।

कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष सुधीर मल्होत्रा, जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन, नगर महामंत्री तरुण कुमार नीरज, चन्द्रसेन दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, रोहित दिवाकर, अभिनव शर्मा, अंकुल ठाकुर, ज्ञानप्रकाश चिंटू, डॉ. वीरेश सिंह, अमित अग्रवाल, खुशीराम मौर्य, पप्पू मौर्य, अभिनव श्रीवास्तव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बाबा गुलाम जिलानी साबरी का सालाना उर्स सम्पन्न, अमन-भाईचारे की हुई दुआ

### उर्स मनाकर सकुशल घर लौटे सम्भल सहित कई जिलों के अकीदतमंद

संभल(सब का सपना):- आशिके मखदूम साबिर पाक, फिदाए औलिया हुजूर बाबा गुलाम जिलानी साबरी का सालाना उर्स मुबारक पारंपरिक रस्मों के साथ शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। उर्स में देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर इसे भव्य स्वरूप दिया।

सम्भल सहित उत्तराखण्ड, पानीपत, हल्द्वानी, मुरादाबाद, पंजाब और दिल्ली से बड़ी संख्या में जायरीन कलियर शरीफ पहुंचकर उर्स में शामिल हुए और अमन, शांति व भाईचारे के लिए दुआ की।

इस दौरान ख्वाजा शमसुद्दीन तुर्की पानीपति की दरगाह के सज्जादानशीन व अंजुमन गुलामाने चिश्तिया साबरिया वेलफेयर



सोसायटी के चेयरमैन हाजी ख्वाजा सैयद मेराज हुसैन साबरी ने कुल शरीफ में मुल्क की तरक्की, अमन-चैन और आपसी भाईचारे के लिए विशेष दुआ कराई। उन्होंने सूफीवाद का संदेश देते हुए लोगों को प्रेम, एकता और इंसानियत की राह पर चलने का आह्वान किया।

मेराज मियां की सरपरस्ती में उर्स का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर नामचीन कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर महफिल को रूहानी रंग में रंग दिया, जिससे अकीदतमंद झूम उठे।

कुल शरीफ के बाद सभी जायरीन में तबर्रुक वितरित किया गया तथा लंगर का भी आयोजन किया गया।

उर्स में हज कमेटी उत्तराखण्ड के पूर्व चेयरमैन हाजी राव शेर मोहम्मद, वक्फ बोर्ड उत्तराखण्ड के पूर्व चेयरमैन राव काले खां, संजय बाबा, सूफी इसरार साबरी, सलीम उदयपुर, बाबा मेक्षी शाह, हाजी इश्तियाक, इस्तेकार अमन साबरी, शराफत हुसैन, ख्वाजा हसनैन, शान साबरी, तस्लीम साबरी, धर्मेन्द्र, सौहराब साबरी, नितिन पहलवान सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

वहीं सम्भल से पहुंचे इंतेजार हुसैन, बाबर खान साबरी, फरजंद अली वारसी, मौ. वसीम, साबिर हुसैन, फाजिल, मौ. काशिफ, असद, मास्टर रुआकिल अहमद आदि ने भी उर्स में शिरकत कर दुआओं में हिस्सा लिया।

# बुलंदशहर की बेटी गरिमा शर्मा बनीं डिप्टी कलेक्टर, UPPCS में 16वीं रैंक हासिल

बुलंदशहर (सब का सपना):- बुलंदशहर की होनहार बेटी गरिमा शर्मा ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (UPPCS) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए 16वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि गरिमा ने यह सफलता अपने पहले ही प्रयास में बिना किसी कोचिंग के, केवल सेल्फ स्टडी के दम पर हासिल की।

गरिमा शर्मा के पिता मनोज शर्मा और माता रश्मि शर्मा ने उनकी इस सफलता में अहम भूमिका निभाई। परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन से



ही उन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने का सफर तय किया।

गरिमा की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सत्यनारायण शर्मा (एडवोकेट) सहित कई लोगों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर, बुके भेंट कर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। राधा नगर स्थित उनके आवास पर पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया और फूलों की बारिश कर उनका जोरदार अभिनंदन किया गया।

गरिमा शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर, अपने माता-पिता और सभी शुभचिंतकों को दिया। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

उन्होंने यह भी कहा कि डिप्टी कलेक्टर के पद पर रहते हुए वे गरीबों और महिलाओं तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगी।

# नगर पालिका में मंजू वाल्मीकि ने नामित सभासद पद की ली शपथ, हुआ सम्मान समारोह

बहजोई/सम्भल(सब का सपना):- स्थानीय निकाय सफाई कर्मचारी संघ की ओर से सोमवार दोपहर नगर पालिका बहजोई में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर अध्यक्ष ऋतु चौहान की माताजी मंजू वाल्मीकि ने नामित सभासद पद की शपथ ग्रहण की।

शपथ ग्रहण समारोह उपजिलाधिकारी की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों और कर्मचारियों की




उपस्थिति रही, जिससे मंजू वाल्मीकि का उत्साहवर्धन हुआ।

इस अवसर पर संघ के जिलाध्यक्ष अजय कुमार राजवर ने अपनी टीम के साथ मंजू वाल्मीकि को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया।

सम्मान समारोह में प्रदेश संगठन मंत्री शिव कुमार राही, चेयरमैन सलाहकार बोर्ड कैलाश चंद चटवाल, जिला महामंत्री विशाल वाल्मीकि, जिला कोषाध्यक्ष अनिल राधे गुड्डू, नगर अध्यक्ष ऋतु चौहान, देवेंद्र राजोरिया, राजू राजोरिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच युद्ध की वजह से इलेक्ट्रिक स्कूटी की बिक्री तेज

बुलंदशहर (सब का सपना):- अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के परिणाम स्वरूप पेट्रोल की आपूर्ति को लेकर अश्कों में दो पहिया वाहनों की बिक्री पर गहरा असर डाल दिया है इस स्थिति में लोग पेट्रोल चालित वाहनों की बजाय आप सिलेक्टिंग स्कूटी की प्राथमिकता को बढ़ावा दे रहे हैं पिछले एक महीने में इलेक्ट्रिक स्कूटी की बिक्री में तेज वृद्धि हुई है बताते चलें कि इलेक्ट्रिक वाहनों में ना तो



केवल ईंधन खर्च की कमी आती है बल्कि इनका मेट्रो नेक्स्ट की अपेक्षा कत काम होता है वही ट्रांसपोर्ट नगर के इलेक्ट्रिक दो पहिया वाहन शोरूम के मालिक सवी सिंह का कहना है कि पहले ग्राहक पेट्रोल बाइक को प्राथमिकता देते थे

लेकिन आज पूरे भारत में इलेक्ट्रिक स्कूटर और बाइक खरीदने में रुचि दिखा रहे हैं फरवरी से पहले प्रतिमा 30 से 35 वहां बिकते थे जबकि अब मार्च में यह संख्या 55 से 60 तक पहुंच गई है अब आने वाले समय में जिले में इलेक्ट्रिकल्स स्कूटी की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है

# बहजोई नगर पालिका में पांच नामित सभासदों का शपथ ग्रहण, समारोह आयोजित

बहजोई/सम्भल(सब का सपना):- उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद में नामित किए गए 5 सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार को नगर पालिका बहजोई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने सभी नामित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष



राजेश शंकर राजू ने मुख्य अतिथि एवं सभी नामित सभासदों का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

शपथ लेने वाले नामित सभासदों में नीरज कुमार (गोपी मिल), कपिल गोयल, मंजू वाल्मीकि, अमर सिंह राठौड़ और अक्षय शर्मा शामिल रहे।

इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नीतू रानी, नगर पालिका के सभासदगण तथा नगर के नागरिकों में कन्हैयालाल, मनोज कारसेवक, जितेंद्र गोयल, सुमित डीआर, भुवनेश कुमार शरद, अनुज कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा किया गया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

गुलावठी/बुलंदशहर (सब का सपना):- सुरेश चंद्र अग्रवाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स द्वारा एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य के महत्व पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए। कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग के माध्यम से स्वच्छता, संतुलित आहार और स्वस्थ



जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक किया। हृद्यांशी अग्रवाल, कैडेट सलोनी यादव, कैडेट सृष्टि यादव, कैडेट पर्व अग्रवाल सहित सभी कैडेट्स ने अपने भाषणों के माध्यम से स्वच्छता अपनाने और स्वस्थ रहने का संदेश दिया। ये सभी कैडेट्स 36 यूपी बटालियन एनसीसी, बुलंदशहर के अंतर्गत आते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मयंक अग्रवाल, प्रधानाचार्य गोपाल शर्मा, एनसीसी अधिकारी मोनिका राजपूत एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। सभी ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया।

# भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण, कार्यकताओं ने लिया संगठन मजबूत करने का संकल्प

बहजोई/सम्भल (सब का सपना):- नगर में भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर नगर भाजपा कमेटी द्वारा काली मंदिर परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी का ध्वज फहराकर की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पूरे कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में पार्टी के प्रति समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उपस्थित नेताओं ने पार्टी के 47 वर्षों के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा ने अपने सिद्धांतों, नीतियों और जनसेवा के संकल्प के बल पर देश और प्रदेश में मजबूत पहचान बनाई है।

वक्ताओं ने कहा कि पार्टी का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए कार्य करना है। साथ ही




उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार (मिल वाले), नगर पालिका अध्यक्ष राजेश शंकर राजू, पूर्व नगर अध्यक्ष कन्हैयालाल आढ़ती, मंजू दिलेर, जिला प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार आढ़ती, विजय यादव (आईटी सेल), नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा, सुमित कुमार डीआर, शिखा गुप्ता (शक्ति केंद्र संयोजक), राधा दिलेर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने, जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया। अंत में राष्ट्रहित में कार्य करने और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सीबीआरसेटी में डेस्कटॉप पब्लिशिंग बैच का समापन, प्रशिक्षुओं का हुआ मूल्यांकन

बहजोई/सम्भल(सब का सपना):- जनपद के बहजोई स्थित सीबीआरसेटी संस्थान में संचालित डेस्कटॉप पब्लिशिंग प्रशिक्षण बैच का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 फरवरी से जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रशिक्षुओं के लिए चलाया जा रहा था।

समापन अवसर पर प्रशिक्षुओं का मूल्यांकन किया गया, जिसमें ईडीपी असेसर राजीव कुमार (चंदौसी) एवं डोमेन असेसर होमेश कुमार शर्मा (बुलंदशहर) ने भाग लिया। मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान प्रशिक्षुओं से डेस्कटॉप पब्लिशिंग से संबंधित ऑनलाइन परीक्षा कराई गई, साथ ही मौखिक रूप से भी उनके ज्ञान का परीक्षण किया गया।

असेसरों ने प्रशिक्षुओं के कौशल, तकनीकी समझ और कार्यक्षमता का गहन आकलन किया तथा उनके प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव को प्रशिक्षुओं के भविष्य के




रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए उपयोगी बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की ओर से प्रशिक्षुओं के लिए नाश्ता एवं दोपहर के भोजन की भी व्यवस्था की गई, जिससे पूरे कार्यक्रम में अनुशासन और उत्साह का माहौल बना रहा।

अंतिम मूल्यांकन के पश्चात सभी प्रशिक्षुओं ने मूल्यांकनकताओं के साथ स्मृति के रूप में एक ग्रुप फोटो भी खिंचवाई। इस अवसर पर प्रशिक्षुओं में खुशी और उत्साह देखने को मिला।

संस्थान के निदेशक विनीत तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# कांग्रेसी नेताओं को पुलिस ने किया नजरबंद, जेल मुलाकात से पहले कार्रवाई





बिजनौर (सब का सपना):- खालिदझ्रतालिब प्रकरण को लेकर रविवार को जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई, जब कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल को जिला कारागार जाने से पहले ही पुलिस ने रोक दिया।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय द्वारा गठित प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री ओमवती, जिला अध्यक्ष हेनरीता सिंह, शहर अध्यक्ष हुमायूं बेग, नीरज चौधरी, मुनीश त्यागी व चितवन शर्मा शामिल थे।

प्रतिनिधिमंडल को 6 अप्रैल को सुबह 10 बजे जिला कारागार में खालिदझ्रतालिब बंधुओं से मुलाकात करनी थी, लेकिन इससे पहले ही पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए हुमायूं बेग और हेनरीता सिंह को उनके आवास पर नजरबंद कर दिया, जबकि चितवन शर्मा, नीरज चौधरी, विक्रम सिंह और अनिल त्यागी को कार्यालय पर ही रोक लिया गया।

घटना के बाद कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर तीखा हमला बोला। चितवन शर्मा ने इसे तानाशाहीपूर्ण रवैयाह्व बताते हुए कहा कि सरकार विपक्ष को पीड़ित परिवारों से मिलने से रोक रही है। नेताओं ने आरोप लगाया कि पूरे प्रकरण में राजनीतिक हस्तक्षेप हुआ है और इससे जिले के आपसी भाईचारे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह की भूमिका पर भी सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति दोषी है तो कार्रवाई प्रशासन का अधिकार है, न कि किसी राजनीतिक व्यक्ति का। साथ ही उन्होंने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की स्थिति और शिक्षा-स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी सरकार को घेरा। फिलहाल जिले में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है और प्रशासन पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। विपक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि इस तरह की कार्रवाई जारी रही तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# 9 अप्रैल को बिजनौर दौरे पर आएंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, तैयारियां तेज

बिजनौर (सब का सपना):- जनपद में 9 अप्रैल को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थानीय वर्धमान डिग्री कॉलेज मैदान में प्रस्तावित है, जहां वे आम जनसभा को संबोधित करेंगे।



इस अवसर पर जिले में 5 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं और उपलब्धियों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रस्तावित परियोजनाओं का पूर्ण विवरण समय से उपलब्ध कराया जाए। शहर व कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल और मोबाइल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था हो। स्वास्थ्य सेवाओं को अद्यतन रखते हुए मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल को तैयार रखा जाए मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# स्योहारा पुलिस ने चोरी का खुलासा किया, तीन आरोपी गिरफ्तार

स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):- पुलिस ने एक घर में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम मलकपुर निवासी एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके घर से सोलर पैनल, बैटरी, स्टेबलाइजर, कपड़े और गैस सिलेंडर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। घटना के बाद



पुलिस ने मामले की जांच शुरू करते हुए आरोपियों की तलाश तेज कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी आकाश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने दो साथियों तालिब और नरेश कुमार के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से दो सोलर पैनल, एक बैटरी, स्टेबलाइजर, कपड़े और एक गैस सिलेंडर बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में पुलिस की सराहना की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं के खुलासे से आमजन में भरोसा बढ़ता है और अपराधियों पर भी अंकुश लगता है।

# दिशा समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, सांसदों ने दिए सख्त निर्देश






बिजनौर (सब का सपना):- विकास भवन सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक आयोजित हुई, जिसमें जनपद के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर ने की, जबकि सह-अध्यक्षता बिजनौर सांसद चंदन चौहान और मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा ने की।

बैठक की शुरूआत से पहले जिलाधिकारी जसजीत कौर ने सभी सांसदों का स्वागत किया। इस दौरान चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुणाल रस्तोगी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

बैठक में सांसदों ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा करते हुए पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर दिया। सांसद चंद्रशेखर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेंशन, दिव्यांगजन और अन्य योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित कर विशेष शिविरों के माध्यम से लाभ पहुंचाया जाए।

जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधूरी परियोजनाओं का विवरण मांगा गया। वहीं शिक्षा विभाग को निर्देश दिए गए कि शिक्षा के अधिकार योजना के तहत बच्चों को निष्पक्ष तरीके से लाभ दिया जाए और निजी विद्यालयों द्वारा किसी विशेष विक्रेता से किताबें या वर्दी खरीदने का दबाव न बनाया जाए। सांसदों ने स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान योजना के लाभार्थियों के शोषण पर रोक लगाने और निजी अस्पतालों की जांच के निर्देश दिए। साथ ही गुलदार प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने, प्रकाश व्यवस्था और पिंजरे लगाने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में मनरेगा, आवास योजना, विद्युत व्यवस्था और अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई। सांसदों ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने आश्वस्त किया कि सभी निदेशों का पालन कराया जाएगा।

बैठक से पूर्व सांसद चंद्रशेखर और परियोजना निदेशक दिनकर भारती ने विकास भवन परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# स्योहारा में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को मिला दस्तक अभियान का प्रशिक्षण, निकाली गई जागरूकता रैली





बिजनौर (सब का सपना):- जनपद के स्योहारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और दस्तक अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही के निर्देशन में किया गया, जिसमें बाल विकास परियोजना अधिकारी हेमलता सैनी सहित बड़ी संख्या में कार्यकत्रियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण सत्र में डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए 12 विभागों को इस अभियान में शामिल किया गया है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग नोडल की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि यह अभियान पूरे माह संचालित रहेगा, जबकि दस्तक अभियान निर्धारित तिथियों में विशेष रूप से घर-घर पहुंचकर जागरूकता फैलाने पर केंद्रित रहेगा।

उन्होंने बताया कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां माइक्रोप्लान के तहत प्रत्येक घर तक पहुंचकर लोगों को स्वच्छता, मच्छरदानी के उपयोग और जलजनित व वेक्टर जनित रोगों से बचाव के बारे में जागरूक करेंगी। साथ ही दिमागी बुखार, मलेरिया, फाइलेरिया और क्षय रोग के लक्षणों की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि समय रहते उपचार संभव हो सके।

कार्यक्रम के दौरान जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें कार्यकत्रियों ने ग्रामीणों को साफ-सफाई बनाए रखने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि साफ-सफाई और जागरूकता से ही संक्रामक रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग और बाल विकास विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जागरूकता फैलाने की अपील की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक

अमरोहा (सब का सपना):- जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत में तृतीय जनपद स्तरीय अंतर विभागीय बैठक का आयोजन किया गया।

डीएम ने बैठक में शासन द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का अक्षरतःपालन करने के संबंध में सभी विभागों को निर्देशित किया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा और दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा। स्वास्थ्य विभाग नोडल अधिकारी के रूप में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत कार्य



करता है तथा अन्य विभाग अपने-अपने विभाग की माइक्रो प्लान बनाकर तदनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करते हैं।

आगामी हीट वेव के दृष्टिगत सभी विभागों को क्या करें क्या ना करें कि विषय में भी जागरूक किया गया। इसके लिए विकसित पैंफ्लेट का वितरण करने के निर्देश दिए। नगरीय एवं देहाती क्षेत्रों में सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लोगों की जागरूकता के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां इस प्रकार से संचालित की जाएं कि उनमें संचारी रोग नियंत्रण के प्रति समझ विकसित हो सके। जिलाधिकारी ने संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देश दिए कि संचारी रोगों पर नियंत्रण हेतु बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित किया जाए। उन्होंने डेंगू और अन्य वेक्टर बोर्न बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा छिड़काव के लिए निर्देश दिए। इसके अलावा आमजन को साफ सफाई और बचाव के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ योगेंद्र सिंह, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अन्य चिकित्सा अधिकारियों और विभागआध्यक्षों द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

# बिजनौर की निष्ठा गुप्ता ने रचा इतिहास, तीरंदाजी में बनाया नेशनल रिकॉर्ड





बिजनौर (सब का सपना):- जिले की उभरती तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि निष्ठा ने अंडर-15 बालिका वर्ग में 720 में से 712 अंक प्राप्त कर नेशनल रिकॉर्ड बनाया है, जो इस वर्ग का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में निष्ठा ने कंपाउंड वर्ग में भाग लेते हुए स्कोरिंग राउंड में यह उपलब्धि हासिल की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्तर प्रदेश को स्वर्ण पदक दिलाया। निष्ठा गुप्ता, ग्राम शादीपुर निवासी विवेक गुप्ता की पुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि निष्ठा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल जिले बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि निष्ठा का चयन पहले ही भारतीय जूनियर तीरंदाजी टीम के कैंप के लिए हो चुका है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

निष्ठा की इस उपलब्धि से जनपद में खुशी की लहर है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।

# पीएम श्री विद्यालय नन्हेड़ा आल्यारपुर में शिक्षकों ने स्कूल चलो रैली के अंतर्गत घर-घर जाकर बताया शिक्षा का महत्व

अमरोहा (सब का सपना):- जनपद के विकासखंड अमरोहा क्षेत्र के पीएम श्री विद्यालय नन्हेड़ा आल्यारपुर में स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया।

इस रैली के दौरान स्कूली शिक्षकों ने गांव के घर-घर पहुंचकर अभिभावकों को नए शैक्षणिक सत्र में बच्चों के एडमिशन के लिए जागरूक किया। शिक्षकों ने बताया कि प्रत्येक बच्चे का स्कूल जाना उसका मौलिक अधिकार है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। घर-घर जाकर वे नए एडमिशन, मिड-डे मील, छात्रवृत्ति तथा पीएम श्री विद्यालय की बेहतर सुविधाओं



की जानकारी दी।

यह अभियान बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देश पर चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिले में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करना है। पीएम श्री विद्यालय नन्हेड़ा आल्यारपुर में आधुनिक सुविधाएं आदि उपलब्ध हैं, जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होंगी।

# मंडावली थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने से सनसनी

## नहर किनारे मिला युवक का मिला शव, पहचान में जुटी पुलिस

मंडावली/बिजनौर (सब का सपना):- थाना क्षेत्र मंडावली के अंतर्गत सोमवार तड़के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 2:30 बजे ग्राम भागूवाला के पास नहर किनारे सड़क पर एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा गया। आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई




है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 38 वर्ष के आसपास बताई जा रही है, लेकिन उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और पहचान के लिए अन्य माध्यमों का भी सहारा लिया जा रहा है।

थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है और जल्द ही मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

घटना के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# दिनदहाड़े दबंगों का हमला, महिलाओं समेत परिवार के लोग घायल

## पुलिस पर मुकदमा दर्ज न करने का आरोप, परिवार ने डीएम से लगाई न्याय की गुहार

शिकारपुर/बुलन्दशहर (सब का सपना):- जनपद के थाना शिकारपुर क्षेत्र के ग्राम भटौंला में 1 अप्रैल की सुबह करीब 10 बजे दबंगों द्वारा एक परिवार पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में परिवार की महिलाओं सहित कई लोग घायल हो गए, जबकि हमलावर जेवरात और मोबाइल भी लूटकर फरार हो गए।



प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय पुत्र स्वर्गीय यूधिष्टर अपने खेत में अपनी माता जलाखो, बहन आरती और भाई उमा के साथ गेहूं की कटाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही आदर्श, विपिन पुत्र जयप्रकाश, प्रशांत पुत्र विपिन तथा सचिन पुत्र आदर्श अपने अन्य साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर मौके पर पहुंचे और अचानक हमला कर दिया।

बताया गया है कि हमलावरों ने लोहे की रॉड से मारपीट की तथा रिवाल्वर दिखाकर परिवार को आतंकित किया। इस दौरान परिवार की महिलाओं के कुंडल, गले की चेन, नाक की लौंग, मंगलसूत्र, चांदी की पायल तथा एक मोबाइल फोन लूट लिया गया। हमले में अजय की माता जलाखो गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें परिजनों की मदद से तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना के दौरान आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने से हमलावर फरार हो गए। पीड़ित अजय का आरोप है कि आरोपी लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे हैं।

पीड़ित परिवार का यह भी आरोप है कि सूचना देने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है।

परिवार ने जिलाधिकारी बुलन्दशहर से न्याय की गुहार लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया 47वां स्थापना दिवस

बुलन्दशहर (सब का सपना):- भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पार्टी ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई। इसके बाद भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।




जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा सेवा संगठन है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखकर कार्य करता है। उन्होंने कार्यकताओं से सेवा और समर्पण की भावना के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप चौधरी, विधायक सी.पी. सिंह लोधी, जिला महामंत्री दीपक दूल्हेरा, संतोष वाल्मीकि, नीरज चौधरी, पूर्व विधायक मुंशीलाल गौतम सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्कूटी सवार युवक को चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट

स्याना/बुलन्दशहर (सब का सपना):- जनपद के थाना खानपुर क्षेत्र के पालीपरतापुर गांव में आरोपी उदय कुमार ने, दो अन्य व्यक्ति दीपक और समय सिंह को चाकू से वार कर घायल कर दिया गया था। इस सम्बन्ध में तत्काल दोनो घायलो को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर दीपक की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी एवं समय सिंह को जिला अस्पताल बुलन्दशहर रेफर किया गया हैं, जहां पर उसकी स्थिति ठीक है एवं खतरे से बाहर है।





अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आये कि आरोपी उदय कुमार का दीपक व समय सिंह के साथ पैसो के लेन देन को लेकर विवाद था। इसी लेन देन में उदय कुमार ने दीपक व समय सिंह पर चाकू से वार किया था। आरोपी उदय कुमार को पुलिस हिरासत में लिया गया हैं, उसकी निशादेही पर आलाकत्ल चाकू बरामद किया गया हैं। मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया जा रहा हैं।

# विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन का राष्ट्रव्यापी विस्तार तेज

स्याना/बुलंदशहर (सब का सपना):- विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन ने अपने राष्ट्रव्यापी संगठन विस्तार अभियान को और तेज करते हुए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र के बाद अब उत्तर प्रदेश में भी संगठन मंत्रियों की नियुक्ति कर दी है। यह स्पष्ट संकेत है कि संगठन अब देश के बड़े राज्यों में मजबूत पकड़ बनाते हुए निर्णायक भूमिका निभाने की ओर अग्रसर है।







फाउंडेशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश चौहान के नेतृत्व में महाराष्ट्र में अनिल अनंतराव पाराशर, मध्य प्रदेश में दीपक बाजपेई तथा उत्तर प्रदेश में निर्मला त्रिवेदी को संगठन मंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन नियुक्तियों के साथ ही संगठन ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि अब अगला विस्तार राजस्थान और पंजाब जैसे बड़े राज्यों में किया जाएगा, जहाँ जल्द ही संगठन मंत्रियों की नियुक्ति की जाएगी।

विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन अब केवल विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के खास मुद्दों पर खुलकर अपनी आवाज बुलंद करने के लिए भी पूरी तरह तैयार है। संगठन ने स्पष्ट रूप से संकेत दिया है कि गो हत्या, धर्मांतरण, लव जिहाद और लैंड जिहाद जैसे गंभीर विषयों पर अब निर्णायक और सशक्त अभियान चलाया जाएगा।

संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश चौहान का मानना है कि सनातन संस्कृति और राष्ट्र की अस्मिता पर हो रहे किसी भी प्रकार के प्रहार को अब और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन की रणनीति साफ है कि जमीनी स्तर पर मजबूती, समाज को एकजुट करना और हर उस चुनौती का डटकर सामना करना जो सनातन मूल्यों के खिलाफ खड़ी हो।

आने वाले समय में विश्व सनातन हिंदू फाउंडेशन देश के सामाजिक और वैचारिक परिदृश्य में एक बड़ी ताकत के रूप में उभरने जा रहा है, जो न केवल मुद्दों को उठाएगा बल्कि समाधान के लिए भी निर्णायक कदम उठाएगा।

# बुलंदशहर में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत 25 मातृ-शक्तियों का सम्मान

बुलंदशहर (सब का सपना):- जिला प्रदर्शनी में भारत विकास परिषद बुलंदशहर सेवार्थ के तत्वावधान में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद की 25 मातृ-शक्तियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी रुचिका, महिला थाना प्रभारी स्वाति, एबीएसए प्रियंका शर्मा एवं सर्वेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कस्तूरबा विद्यालय के लगभग 40 बच्चों ने ह्यबेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओह्ल, देशभक्ति, फिल्मी गीतों तथा ऑपरेशन सिंदूर विषय पर आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में जनपद में उल्लेखनीय कार्य करने पर ज्योत्सना यादव, प्रियंका सिंह, वंदना सिंह, कोमल मंगलानी, नीतू सिंह, डॉ. मयूरी शर्मा, प्रीति सिंह, स्वाति, शकुंतला रानी, रुचिका, प्रियंका शर्मा, रुबी, अलका वर्मा, योजना चौधरी, ऋचा राना, सोनिया, कविता सहित अन्य महिलाओं को सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाते हैं। कार्यक्रम का संचालन दीप्ति सिंह ने किया, जबकि संयोजक चन्द्र भूषण मित्तल ने सभी अतिथियों व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नमन गर्ग, अनिल बंसल, नितिन सचदेवा, राजपाल सिंह वर्मा, राजेश गुप्ता, गोपाल बंसल, आकाश गर्ग, पुष्पेन्द्र वर्मा, संजय शर्मा, सुमन शर्मा, सोनी वाधवा, तेजस्वी मित्तल, चित्रा मित्तल, सुमन वर्मा, सीमा गुप्ता, यशेष तोमर, प्राची अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, श्वेता सचदेवा, विशन कुमार सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# भा.कि.यू. अन्नदाता के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी का किया स्वागत

शिकारपुर/बुलंदशहर (सब का सपना):- भारतीय किसान यूनियन अन्नदाता के पदाधिकारियों और कार्यकत्ताओं ने नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा का स्वागत किया। स्वागत के दौरान संगठन के द्वारा नवनियुक्त कोतवाली प्रभारी को जय श्री राम लिखा हुआ अंगवस्त्र भेंट किया गया और फूलों का गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया गया।



स्वागत करने वालों में महेश मीणा राष्ट्रीय अध्यक्ष, बंसी वाले गुरुजी राष्ट्रीय संरक्षक, लवकुश सैनी मिठाई वाले, रमेश चन्द्र प्रजापति नगर अध्यक्ष, राजीव चौधरी उत्तर प्रदेश मंत्री, मुकेश गर्ग प्रदेश महामंत्री, हरीश पंडित जिला उपाध्यक्ष, बबली सैफी प्रदेश मीडिया प्रभारी, लव कुश सैनी जिला मंत्री, सोरन सिंह, नीरज प्रजापति नगर महामंत्री, संगठन के कई अन्य प्रमुख सदस्य और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## अंबाला कैंट की सुरक्षा होगी और भी पुख्ता, चौराहों पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

अंबाला : अंबाला में बढ़ते क्राइम और लॉ एंड ऑर्डर को लेकर अब प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। शहर को सुरक्षित बनाने के लिए नगर परिषद की ओर से बड़ा प्लान तैयार किया गया है। पूरे अंबाला कैंट को सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की तैयारी है, जिसके लिए करोड़ों रुपये का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है। नगर परिषद के ईओ देवेंद्र नरवाल के मुताबिक अंबाला सदर क्षेत्र में बढ़ते अपराध को देखते हुए मंत्री अनिल विज ने पूरे शहर को सीसीटीवी कैमरों से कवर करने के निर्देश दिए थे। हाल ही में दिल्ली में हुई एक बड़ी घटना का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सीसीटीवी के जरिए अपराधियों को ट्रेस करना आसान हो जाता है, इसलिए अंबाला में भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। योजना के तहत पूरे अंबाला कैंट का सर्वे किया गया है। खास तौर पर प्रमुख चौराहों और संवेदनशील जगहों की पहचान की गई है। डीएसपी ट्रैफिक के साथ मिलकर उन स्थानों का एस्टीमेट तैयार किया गया है, जहां कैमरे लगाए जाने हैं। करीब 10 करोड़ रुपये का प्रस्ताव सरकार को भेजा गया है और जल्द ही टेंडर प्रक्रिया पूरी कर पूरे शहर को सीसीटीवी से लैस किया जाएगा, ताकि अपराध पर लगाम लगाई जा सके और लोगों को सुरक्षित माहौल मिल सके।

## करनाल में कोबरा को पकड़कर करतब दिखा रहा था व्यक्ति, अंगुली पर काटने से मौत



करनाल : करनाल के संधीर गांव में व्यक्ति द्वारा कोबरा सांप को पकड़कर उससे करतब दिखाना भारी पड़ गया। जब व्यक्ति कोबरा सांप से लोगों को करतब दिखाने लगा तो सांप ने उसकी अंगुली पर काट लिया जिससे व्यक्ति की मौत हो गई। गांव के सरपंच सतीश ने बताया कि उनके गांव में शमशान घाट में काम चला हुआ था, वहां पर काम कर रहे मजदूरों ने उन्हें कहा कि यहां पर काले रंग का एक सांप है, तभी उन्होंने सांप पकड़ने वाले सतीश फफड़ाना को फोन कर दिया था। उसने आधे घंटे तक गांव में पहुँचने की बात कही। पीछे से वहां पर राजेंद्र ने वहां जाकर सांप को पकड़ लिया। सरपंच ने कहा कि वहां पर लगे मजदूरों ने भी राजेंद्र को रोका, लेकिन वह रुका नहीं। उसके बाद उसने कोबरा सांप को उठाकर गले में डाल लिया। इसके बाद कोबरा सांप ने हाथ पर उसे काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। इतनी देर में सांप पकड़ने वाला सतीश फफड़ाना भी वहां पर पहुंच गए, उन्हें वहां देखा तो दीवार के कुछ दूरी पर सांप दिखाई दिया जिसके बाद सतीश ने सांप को पकड़ लिया। मृतक के परिजनों ने कहा कि पहले भी कई बार राजेंद्र सांप को पकड़कर घर लेकर आया करता था, फिर उसे जंगलों में छोड़ देता था। आज थोड़े नशे में भी था। सांप को पकड़ कर लेकर आया, उसे गले में डाला हुआ था। सांप के काटने से उसकी मौत हो गई है। फिलहाल इस लापरवाही कहिए या फिर जहरीले सांप कोबरा का कहर। वहीं ग्रामीण ने बताया पहले भी यह कई बार सांपों को पकड़ लिया करता था और उसके साथ खेला करता था। वहीं मामले की जानकारी मिलने के बाद स्नेक मैन के नाम से मशहूर सतीश फफड़ाना ने मौके पर जाकर कोबरा सांप को पकड़ लिया है। लेकिन इस घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई वह काफी दुखदाई है।

# जिगरी यारों के साथ हरिद्वार में जन्मदिन मनाकर लौट रहे युवक की हत्या, दोस्तों पर ही लगे आरोप

कुरुक्षेत्र (सब का सपना) : हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में 17 वर्षीय किशोर की मौत का मामला अब हत्या में बदल गया है। पलवल गांव निवासी गौरव की मौत ट्रेन हादसे में नहीं, बल्कि चलती ट्रेन से धक्का दिए जाने के कारण हुई। धक्का लगने के बाद वह ट्रेन की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना 30 मार्च को शाहाबाद रेलवे स्टेशन के पास हुई थी।

परिजनों का आरोप है कि गौरव के साथ ट्रेन में उसके दोस्तों ने पहले मारपीट की और फिर चलती ट्रेन से धक्का दे दिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले में राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) ने एक युवक को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

जन्मदिन मनाने हरिद्वार ले गए थे दोस्त

गौरव के पिता मोहन बहादुर ने बताया कि उनका बेटा 24 मार्च को 17 साल का हुआ था। जन्मदिन से एक दिन पहले उसके 5-6 दोस्त उसे जन्मदिन मनाने के लिए अपने साथ हरिद्वार ले गए थे। वहां घूमने के बाद 30 मार्च को सभी दोस्त अंबाला पहुंचे और वहीं से घर लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार, 30 मार्च की दोपहर करीब 3 बजे गौरव की मां रीटा ने उसके दोस्त को फोन किया था। उस समय गौरव ने बताया कि वह 10-15 मिनट में घर पहुंचने वाला है। उसने अपनी मां से कहा कि मामा विनय को कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन भेज दें ताकि वह उसे बाइक से घर ले आए।



दोस्त ने फोन पर बताई धक्का देने की बात

गौरव को लेने के लिए उसका मामा कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन पहुंचा। वहां उसने गौरव के दोस्त को फोन किया। आरोप है कि उसी दौरान दोस्त ने बताया कि गौरव को चलती ट्रेन से धक्का दे दिया गया है। धक्का लगने के बाद वह नीचे गिर गया और ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि धक्का देने से पहले गौरव के साथ मारपीट भी की गई थी। परिवार ने इस संबंध में गौरव के दोस्त के साथ हुई बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी GRP को सौंपी है। GRP कुरुक्षेत्र थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पहले मामले को हादसा माना गया था और पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। बाद में परिवार की शिकायत पर दोबारा जांच की गई। इसके आधार पर एक दोस्त को नामजद करते हुए अन्य के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल आरोपी फरार हैं और पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

# पलवल में झुग्गियों को भीषण आग ने घेरा ; 150 लोगों का आशियाना जलकर राख, राहत कार्य जारी

पलवल : पलवल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने जेठानंद धर्मशाला के पीछे स्थित झुग्गी बस्ती में सोमवार को भीषण आग लगने से लगभग दो दर्जन झुग्गियां जलकर राख हो गईं। आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को अपना सामान तक निकालने का मौका नहीं मिल पाया। घटना के समय बस्ती में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही स्थानीय विधायक एवं हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम, जिला अध्यक्ष विपिन बैसला तथा जिला उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास किए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग के दौरान दो धमाकों की आवाज भी सुनाई दी, जिससे आशंका जताई जा रही है कि झुग्गियों में रखे छोटे छढक्ष्र सिलेंडर फट गए। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस्ती में करीब 20 से अधिक झुग्गियां थीं, जिनमें लगभग 150 लोग रह रहे थे।



पलवल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सामने जेठानंद धर्मशाला के पीछे स्थित झुग्गी बस्ती में सोमवार को भीषण आग लगने से

आग लगते ही वह तेजी से फैल गई और देखते ही देखते पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया। झुग्गियों में रखा कपड़ा, राशन और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। गनीमत रही कि इस बड़े हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

हालांकि एक महिला अपने सामान को बचाने के प्रयास में मामूली रूप से झुलस गई।

मौके पर पहुंचे मंत्री गौरव गौतम ने लोगों को सांत्वना देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार पीड़ितों की हर संभव सहायता करेगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन और फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर मौजूद हैं और राहत कार्य लगातार जारी है।

# सुबह-सुबह मर्डर से दहला गांव ! प्रॉपर्टी विवाद में व्यक्ति की बेरहमी से हत्या, भाई पर लगा आरोप

हांसी (सब का सपना) : हांसी शहर के सदर थाना क्षेत्र के गांव मसूदपुर में सोमवार सुबह एक व्यक्ति की हत्या का मामला सामने आया है। जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और डीएसपी रविंद्र सांगवान घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 57 वर्षीय शमशेर सिंह के रूप में हुई है। हत्या का आरोप उसके छोटे भाई सूरजमल पर लगा है और प्रारंभिक जांच में यह मामला प्रॉपर्टी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। शमशेर सिंह सोमवार सुबह करीब 7 बजे अपने घर में चारपाई पर मृत पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और डीएसपी रविंद्र सांगवान ने मौके का मुआयना किया और फोरेंसिक टीम ने भी आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शमशेर तीन भाइयों में मंझला था, जोकी अविवाहित था। बड़ा भाई राजेंद्र जिसके तीन बच्चे हैं, कुछ वर्ष पूर्व मर चुका है। छोटा भाई सूरजमल के भी तीन बच्चे हैं। दोनों भाई खेती करते थे और कुछ समय पूर्व शमशेर ने अपनी खेती की जमीन सूरजमल के नाम कर दी थी। जिसे सूरजमल ने बेच दिया था। अभी सूरजमल अपने मकान को भी बेच रहा था। जिसका सूरजमल की पत्नी और शमशेर ने विरोध किया था। शमशेर का कहना था कि अगर यह मकान भी बेच दिया, तो उसके बच्चे कहां रहेंगे। इसी को लेकर आपसी विवाद चल रहा था। पुलिस ने मौके से एक डंडा भी बरामद किया है, जिस पर खून लगा हुआ था, पुलिस का अनुमान है कि इसी की मदद से शमशेर की हत्या हुई है। बताया गया है कि मृतक अविवाहित था और उसका अपने छोटे भाई सूरजमल के साथ एक प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा था। पुलिस इसी पहलू से मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद से आरोपी सूरजमल फरार है। डीएसपी रविंद्र सांगवान ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सीआईए टीम गठित कर दी गई है और उसे जल्द ही हिरासत में ले लिया जाएगा। परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।



**मुलायम और गुलाबी होंठ हर किसी की चाहत होते हैं लेकिन बार-बार लिपस्टिक लगाने से होंठ ड्राई हो सकते हैं। ऐसे में आप घर पर प्राकृतिक चीजों की मदद से नेचुरल पिंक लिप बाम तैयार कर सकते हैं।**



# लिपस्टिक की नहीं पड़ेगी जरूरत! घर पर मिनटों में तैयार करें इन 5 चीजों से नेचुरल पिंक लिप बाम

खूबसूरत और गुलाबी होंठ चेहरे की रौनक बढ़ा देते हैं लेकिन प्रदूषण और खराब लाइफस्टाइल के कारण होंठों का कालापन एक आम समस्या बन गई है। बाजार में मिलने वाले लिप बाम अक्सर केमिकल से भरे होते हैं। ऐसे में चुकंदर लिप बाम एक जादुई घरेलू नुस्खा है जो आपके होंठों को नेचुरल गुलाबी रंगत देने के साथ-साथ उन्हें गहराई से मॉइस्चराइज भी करता है।

चुकंदर में प्राकृतिक रूप से गहरे लाल और गुलाबी रंग के तत्व पाए जाते हैं जो बिना किसी साइड इफेक्ट के होंठों की रंगत सुधारने में मदद करते हैं। यह न केवल होंठों के कालेपन को दूर करता है बल्कि इसमें मौजूद विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को पोषण भी देते हैं। इसके लिए आप घर पर नेचुरल लिप बाम बना सकते हैं जो होठों के लिए सही साबित होगा।

### आवश्यक सामग्री

चुकंदर: 1 मध्यम आकार का (कद्दूकस किया हुआ)

नारियल तेल या बादाम तेल: 1 बड़ा चम्मच

शहद: आधा छोटा चम्मच (नेचुरल चमक के लिए)

विटामिन-श्व कैप्सूल: 1 (लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए)

वैसलीन या शिया बटर (वैकल्पिक): गाढ़ापन देने के लिए

### बनाने की विध

सबसे पहले चुकंदर को कद्दूकस करके उसका सारा रस एक सूती कपड़े या छलनी की मदद से निकाल लें।

इस रस को एक धीमी आंच पर तब तक पकाएं जब तक कि यह गाढ़ा और आधा न रह जाए। (आप कच्चे रस का भी उपयोग कर सकते हैं, लेकिन पका हुआ रस ज्यादा समय तक चलता है)।

अब एक कटोरी में चुकंदर का रस, नारियल तेल, शहद और विटामिन-श्व का लिक्विड अच्छी तरह मिला लें।

इस मिश्रण को एक छोटी साफ डिब्बी में भर लें।

इसे कम से कम 2-3 घंटे के लिए फ्रिज में जमने दें। आपका नेचुरल पिंक लिप बाम तैयार है।

### इस्तेमाल करने के फायदे

इसे लगाने के बाद आपको भारी लिपस्टिक लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, यह एक नेचुरल 'टिंट' का काम करता है।


नारियल तेल और शहद होंठों की दरारों को भरते हैं और उन्हें मखमली कोमल बनाते हैं।

यह पूरी तरह से केमिकल फ्री है और किचन की चीजों से तैयार हो जाता है।

बेहतर रिजल्ट के लिए रात को सोने से पहले इसे लगाएं। सुबह तक आपके होंठ नरम और गुलाबी नजर आएंगे।

# तनाव बन सकता है हार्ट अटैक की वजह

## दिल को सुरक्षित रखने के लिए अपनाएं ये आदतें



आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव एक आम समस्या बन चुका है जो दिल की सेहत पर बुरा असर डाल सकता है। लंबे समय तक तनाव रहने से हार्ट अटैक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा बढ़ सकता है।

आधुनिक जीवनशैली में काम का बोझ, पारिवारिक जिम्मेदारियां और भविष्य की चिंता ने तनाव को हर घर का हिस्सा बना दिया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिसे आप महज एक मानसिक स्थिति समझ रहे हैं वह आपके दिल का सबसे बड़ा दुश्मन है। जानकारी के अनुसार लंबे समय तक बना रहने वाला तनाव हृदय रोगों के खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। जब हम तनाव में होते हैं तो शरीर में कोर्टिसोल और एड्रेनालिन जैसे हार्मोन निकलते हैं जो सीधे तौर पर ब्लड प्रेशर और हार्ट रेट को बढ़ा देते हैं।

### गहरी सांस

तनाव को तुरंत कम करने का सबसे सरल तरीका है गहरी सांस लेना। आयुर्वेद में इसे प्राणायाम का आधार माना गया है। जब आप धीरे-धीरे गहरी सांस लेते हैं और उसे धीरे ही छोड़ते हैं तो शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है। विज्ञान कहता है कि यह प्रक्रिया हमारे पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम को सक्रिय करती है जिससे दिल की धड़कन सामान्य होती है और मन को तत्काल शांति मिलती है।

### शारीरिक सक्रियता

रोजाना केवल 30 मिनट की वॉक या योगासन आपके मूड को बेहतर बनाने वाले एंडोर्फिन हार्मोन को [redacted] रिलीज करते हैं। आयुर्वेद के अनुसार व्यायाम शरीर की ऊर्जा को संतुलित करता है जबकि आधुनिक विज्ञान मानता है कि नियमित एक्सरसाइज से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और हृदय की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।

### सात्विक आहार

आयुर्वेद में सात्विक भोजन को सर्वोत्तम माना गया है। ताजे फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, साबुत अनाज और पर्याप्त पानी न केवल शरीर को पोषण देते हैं बल्कि मन को भी स्थिर रखते हैं। एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर डाइट शरीर की सूजन को कम करती है जो हृदय रोगों का एक मुख्य कारण है।

### मेडिटेशन

नियमित ध्यान या मेडिटेशन तनाव के स्तर को स्थायी रूप से कम करने का सबसे प्रभावी तरीका है। यह न केवल मानसिक स्पष्टता देता है बल्कि हृदय की कार्यप्रणाली में भी सुधार करता है। प्रतिदिन केवल 10-15 मिनट का मौन आपके दिल के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह काम कर सकता है।

दिल की सेहत केवल जिम जाने या डाइट करने तक सीमित नहीं है बल्कि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य से भी जुड़ी है। अपनी जीवनशैली में इन छोटे बदलावों को शामिल कर आप एक लंबे और स्वस्थ जीवन की नींव रख सकते हैं।

# बालों के लिए वरदान है एलोवेरा

### बस गर्मियों में आजमाएं ये नुस्खे

### सिर्फ 15 दिनों में दिखने लगेगा असर!

एलोवेरा को बालों के लिए एक प्राकृतिक वरदान माना जाता है खासकर गर्मियों के मौसम में यह स्कैल्प को ठंडक पहुंचाने और बालों को मजबूत बनाने में मदद करता है।

गर्मी का पारा चढ़ते ही डैंड्रफ, चिपचिपापन और बालों का टूटना एक आम सिरदर्द बन जाता है। महंगे केमिकल वाले प्रोडक्ट्स अक्सर फायदे की जगह नुकसान पहुँचाते हैं। ऐसे में आयुर्वेद विशेषज्ञों ने एलोवेरा को बालों की हर समस्या का वन-स्टॉप सॉल्यूशन बताया है। यह न सिर्फ स्कैल्प को ठंडक देता है बल्कि जड़ों को फौलादी मजबूती भी प्रदान करता है।

जैसे ही गर्मी दस्तक देती है तेज धूप और पसीना हमारे बालों की प्राकृतिक नमी छीन लेते हैं। धूल-मिट्टी के कारण स्कैल्प के पोर्स बंद हो जाते हैं जिससे बाल कमजोर होकर टूटने लगते हैं। लेकिन घबराएं नहीं आपके घर के बगीचे में लगा एलोवेरा का इस्तेमाल इन सबका अंत कर सकता है।

### क्यों खास है एलोवेरा



नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद के अनुसार एलोवेरा में मौजूद प्राकृतिक एंजाइम, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स बालों के लिए सुपरफूड का काम करते हैं। इसमें पाए जाने वाले प्रोटियोलिटिक एंजाइम स्कैल्प की मृत कोशिकाओं को रिपेयर करते हैं जिससे बालों की ग्रोथ तेज होती है।

### ऑयल कंट्रोल

गर्मियों में पसीने के कारण स्कैल्प ऑयली हो जाता है। एलोवेरा अतिरिक्त तेल को साफ कर बालों को फ्रेश और बाउंसी बनाता है।

### डैंड्रफ और खुजली से छुट्टी

इसके एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण स्कैल्प के इन्फेक्शन को जड़ से खत्म करते हैं। यह गर्मियों की जलन और इरिटेशन में तुरंत राहत देता है।

### नेचुरल कंडीशनर

यह बालों की गहराई तक जाकर मॉइस्चराइज करता है जिससे दोमुंहे बालों की समस्या खत्म होती है और बाल रेशमी व चमकदार बनते हैं।

### इस्तेमाल करने के आसान तरीके

डिजिटल युग में जहां समय की कमी है वहां ये नुस्खे आप मिंटों में आजमा सकते हैं।

ताजा एलोवेरा जेल को सीधे स्कैल्प पर लगाएं। 30-40 मिनट बाद माइल्ड शैम्पू से धो लें। यह स्कैल्प को डीप क्लीन करेगा।

सप्ताह में 2-3 बार एलोवेरा जेल में नारियल तेल मिलाकर मालिश करें। यह जड़ों को भीतर से पोषण देगा।

अगर डैंड्रफ ज्यादा है तो एलोवेरा जेल में कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर लगाएं। यह नुस्खा नेचुरल क्लींजर की तरह काम करता है।

गर्मियों में केमिकल युक्त शैम्पू का ज्यादा इस्तेमाल बालों को और ज्यादा ड्राई बना सकता है। एलोवेरा एक सुरक्षित और सस्ता विकल्प है। इसे रातभर लगाकर छोड़ने से बाल न केवल मजबूत होते हैं बल्कि स्कैल्प को भीषण गर्मी में भी ठंडक का एहसास होता रहता है।

# हेल्दी स्प्राउट्स खाने से पहले हो जाएं सावधान!



**इन लोगों के लिए बन सकता है नुकसान का कारण**

स्प्राउट्स को हेल्दी डाइट का अहम हिस्सा माना जाता है लेकिन यह हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होते। कुछ लोगों के लिए इसका सेवन स्वास्थ्य परेशानियां बढा सकता है।

प्रोटीन और फाइबर का पावर हाउस माना जाने वाला अंकुरित अनाज हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होता। मांसपेशियों की मजबूती और कोशिकाओं के निर्माण के लिए जरूरी यह सुपरफूड, गलत आदतों के कारण पाचन तंत्र को बिगाड़ सकता है। आयुर्वेद के मुताबिक, कुछ खास लोगों को इसके सेवन से सख्त परहेज करना चाहिए।

हम में से ज्यादातर लोग जिम या योग के बाद कच्चे अंकुरित अनाज को सबसे सेहतमंद नाश्ता मानते हैं। लेकिन आयुर्वेद का विज्ञान कुछ और ही कहता है। आयुर्वेद के अनुसार अंकुरित अनाज पचने में भारी होता है। यदि इसे बिना पकाए खाया जाए तो यह शरीर में वात दोष को बढ़ा सकता है जिससे पेट में भारीपन और रूखापन आने लगता है।

### किन लोगों को नहीं खाना चाहिए स्प्राउट्स

डिजिटल दौर में अधूरी जानकारी के कारण लोग इसे धड़ल्ले से खा रहे हैं लेकिन इन लोगों को सावधान रहने की जरूरत है।

### कमजोर पाचन और कब्ज

जिनका मेटाबॉलिज्म धीमा है या जिन्हें अक्सर कब्ज रहती है उनके लिए स्प्राउट्स किसी मुसीबत से कम नहीं। मंद पाचन के कारण यह अनाज पेट में पचने के बजाय सड़ने लगता है जिससे शरीर में पोषक तत्वों की जगह विषाक्त पदार्थ बनने लगते हैं।

### बच्चे और बुजुर्ग

उम्र के इस पड़ाव पर पाचन शक्ति अक्सर कमजोर होती है। कच्चा या भारी अनाज बच्चों के पेट में दर्द और बुजुर्गों में जोड़ों के दर्द (वात वृद्धि के कारण) की समस्या पैदा कर सकता है।

### वात प्रवृत्ति वाले लोग

जिन लोगों के शरीर की प्रकृति वात प्रधान है उन्हें अंकुरित आहार का सेवन बहुत सीमित करना चाहिए वरना यह गैस और शरीर में दर्द का कारण बन सकता है।

### खाने का सही तरीका

अगर आप स्प्राउट्स के शौकीन हैं और इसके नुकसान से बचना चाहते हैं तो आयुर्वेद के इन 3 नियमों को गांठ बांध लें।

### कच्चा खाने की गलती न करें

स्प्राउट्स को हमेशा हल्का उबाल लें या भाप में पकाएं। इससे इसका भारीपन कम हो जाता है और यह सुपाच्य हो जाता है।

### घी या तेल का तड़का

पकाते समय थोड़ा सा शुद्ध देसी घी या तिल का तेल और चुटकी भर हींग-जीरा जरूर डालें। घी अनाज के रूखेपन को खत्म करता है और हींग गैस नहीं बनने देती।

### समय का ध्यान

जैसे ही अनाज अंकुरित हो उसे तुरंत इस्तेमाल करें। बहुत ज्यादा लंबे अंकुर होने पर उसके पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ने लगता है। सेहतमंद चीजें तभी फायदा पहुंचाती हैं जब उन्हें सही तरीके और सही मात्रा में लिया जाए। अगर आपको स्प्राउट्स खाने के बाद पेट फूलना या दर्द की शिकायत होती है तो आज ही अपना तरीका बदलें।



# अनीत पड्डा की 'शक्ति शालिनी' में हुई विनीत कुमार की एंट्री

मैडॉक का हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स बॉलीवुड के सबसे पसंदीदा फ्रेंचाइजी में से एक है। इस फ्रेंचाइजी की अधिकतर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर हिट हैं। पिछले साल इस यूनिवर्स की 'थामा' रिलीज हुई थी, जिसको फैंस ने पसंद किया था। अब फैंस इस यूनिवर्स की अगली फिल्म 'शक्ति शालिनी' का इंतजार कर रहे हैं। अनीत पड्डा की प्रमुख भूमिका वाली इस फिल्म में एक और दिग्गज एक्टर की एंट्री हुई है। इसके बाद इस फिल्म को लेकर लोगों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

अनीत पड्डा के प्रमुख भूमिका वाली 'शक्ति शालिनी' अपनी घोषणा के बाद से ही फैंस के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। अब फिल्म को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की इस आगामी फिल्म में अभिनेता विनीत कुमार सिंह की एंट्री हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, विनीत कुमार सिंह फिल्म में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। वहीं रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि विनीत ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है, जिसका निर्माण पिछले साल शुरू हुआ था।

### हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की छठी फिल्म है 'शक्ति शालिनी'

आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित 'शक्ति शालिनी' मैडॉक हॉरर यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इससे पहले इस यूनिवर्स की 'स्त्री', 'भेड़िया', 'मुंज्या', 'स्त्री 2' और 'थामा' जैसी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं। इस प्रोजेक्ट में विशाल जेठवा और अनीत पड्डा 'सलाम वेंकी' के बाद एक बार फिर साथ नजर आएंगे। हालांकि, फिल्म की कहानी के बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा 'थामा' के क्लाइमेक्स के दौरान की गई थी।



# सलमान खान के साथ नयनतारा की बनी जोड़ी!

बॉलीवुड के मेगास्टार सलमान खान की नई फिल्म लेकर एक नया अपडेट है। खबर है कि साउथ के 'ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर' वामशी पेडिपल्ली की इस फिल्म में नयनतारा को कास्ट किया गया है। साउथ सिनेमा की 'लेडी सुपरस्टार' कही जाने वाली नयनतारा इससे पहले शाहरुख खान की 'जवान' के साथ बॉलीवुड डेब्यू कर चुकी हैं। चर्चा ये भी है कि सलमान खान और मेकर्स ने इसकी रिलीज के लिए अगले साल ईद 2027 की तारीख पक्की कर ली है।

सलमान खान ने सोशल मीडिया पर अपनी इस नई फिल्म का ऐलान किया था। जबकि अब मंगलवार को ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने खबर दी है कि नयनतारा को सलमान खान के अपोजिट लीड रोल में कास्ट कर लिया गया है। अभी फिल्म की बाकी कास्ट का ऐलान होना भी बाकी है। इससे पहले सलमान खान और प्रोडक्शन हाउस 'श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स' ने सोशल मीडिया पर इस नए प्रोजेक्ट का ऐलान किया। सलमान खान ने जहां वामशी पेडिपल्ली के साथ फोटो शेयर करते हुए अपने खास अंदाज में लिखा, 'दिल, दिमाग, जिगर से अप्रैल से वामशी पेडिपल्ली और दिल राजू के साथ।' वहीं दूसरी ओर, प्रोडक्शन हाउस ने भी इस घोषणा की पुष्टि करते हुए सलमान को 'एक ऐसी हस्ती बताया, जिन्होंने दुनियाभर के दर्शकों को खुशी के अनगिनत पल दिए हैं। अब वे इस प्रोजेक्ट के लिए 'ब्लॉकबस्टर फिल्ममेकर' वामशी पैडिपल्ली के साथ हाथ मिला रहे हैं।


### बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर होगी फिल्म

नेशनल अवॉर्ड जीत चुके डायरेक्टर वामशी पेडिपल्ली को साउथ सिनेमा का 'ब्लॉकबस्टर डायरेक्टर' कहा जाता है। यह पहली बार है, जब वह बॉलीवुड के लिए फिल्म बना रहे हैं। बताया जाता है कि फिल्म एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसे भव्य पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसमें हिंदी और दक्षिण भारतीय, दोनों फिल्म इंडस्ट्री के बड़े कलाकारों को शामिल किया जाएगा। मेकर्स ने बयान जारी करते हुए कहा है, 'यह फिल्म सलमान खान को पर्दे पर एक ऐसे अवतार में पेश करेगी, जैसा उनके फैंस ने इससे पहले कभी नहीं देखा होगा। फिल्म की शूटिंग पूरे भारत में अलग-अलग लोकेशन पर होगी और इसकी शुरुआत 14 अप्रैल से मुंबई में बने एक भव्य सेट से होगी।'

### सलमान की 'मातृभूमि' होगी पोस्टपोन

इस बीच सलमान खान की गलवान युद्ध पर बनी 'मातृभूमि' पोस्टपोन होने की भी चर्चा है। फिलहाल, इसकी रिलीज डेट 17 अप्रैल 2026 है, लेकिन अब खबर है कि यह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 14 अगस्त या आसपास रिलीज होगी। फिल्म की शूटिंग अभी बची हुई है। 'इंडियन आइडल' फेम सिंगर-एक्टर प्रशांत तमांग की मौत के कारण इस वॉर-ड्रामा के कई सीन्स को फिर से शूट किया जा रहा है। बीते दिनों सलीम खान के अस्पताल में भर्ती होने की वजह से इसका आखिरी शेड्यूल प्रभावित हुआ है। वैसे भी अब, 17 अप्रैल को अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' रिलीज होगी। इससे भी साफ है कि अक्षय ने यह फैसला अपने दोस्त सलामन से बातचीत के बाद ही लिया होगा।





# महाकाली से तेलुगु डेब्यू करेंगे अक्षय खन्ना

## निभाएंगे शुक्राचार्य का रोल

**अक्षय खन्ना इन दिनों काफी चर्चा में हैं। उनकी फिल्म 'धुरंधर' में रहमान दकैत का किरदार लोगों को बहुत पसंद आया है। अब उनकी अगली फिल्म 'महाकाली' को लेकर भी फैंस में काफी उत्साह है।**




'धुरंधर' में रहमान डकैत के किरदार से अक्षय खन्ना ने सभी का दिल जीत लिया। 'धुरंधर' के बाद अब वह साउथ फिल्म 'महाकाली' में नजर आएंगे । अक्षय खन्ना के जन्मदिन के मौके पर फिल्म निर्माता प्रशांत वर्मा ने 'महाकाली' फिल्म के सेट से एक खास तस्वीर शेयर की। इस तस्वीर में अक्षय खन्ना शुक्राचार्य के रूप में नजर आ रहे हैं। प्रशांत वर्मा ने अक्षय को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, 'जन्मदिन मुबारक हो अक्षय खन्ना सर। आप एक सच्चे अभिनेता हैं। आपने साबित कर दिया कि असली प्रतिभा को शोर-शराबे की जरूरत नहीं होती। आपकी सहज उपस्थिति और दमदार अभिनय हमेशा अलग दिखता है। आपके साथ काम करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। जल्द ही हम दर्शकों को बताएंगे कि हमने साथ मिलकर क्या बनाया है।'

### कब रिलीज होगी 'महाकाली'

अक्षय खन्ना फिल्म 'महाकाली' में हिंदू पौराणिक कथा के प्रसिद्ध असुर गुरु शुक्राचार्य का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन पूजा कोल्लुरु कर रही हैं। यह फिल्म प्रशांत वर्मा सिनेमैटिक यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें पहले 2024 में 'हनुमान' फिल्म आई थी। आगे 'जय हनुमान' और 'अधिरा' जैसी फिल्में भी आने वाली हैं। यह अक्षय खन्ना की तेलुगु सिनेमा में पहली फिल्म है। फिल्म में मुख्य भूमिका (महिला सुपरहीरो) भूमि शेट्टी निभा रही हैं। 'महाकाली' 15 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### 'इक्का' में नजर आएंगे अक्षय खन्ना

अक्षय खन्ना सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा की फिल्म 'इक्का' में भी नजर आने वाले हैं। इसमें अक्षय मुख्य खलनायक की भूमिका करेंगे। फिल्म में सनी देओल, दीया मिर्जा, तिलोत्तमा सोम और संजीदा शेख भी हैं। यह फिल्म सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

# बॉलीवुड और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस ईवा ग्रोवर करेंगी प्राइड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 सीजन 4 में शिरकत, बनेंगी वी. आई. पी.चीफ गेस्ट

मुंबई (सब का सपना) - जे. पी. टी प्रोडक्शन द्वारा आयोजित होने जा रहा प्रतिष्ठित और भव्य अवॉर्ड समारोह प्राइड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 सीजन 4 इस साल और भी ज्यादा ग्लैमरस और शानदार बनने जा रहा है। इस खास आयोजन में बॉलीवुड और टी.वी. इंडस्ट्री की मशहूर अभिनेत्री ईवा ग्रोवर वी.आई.पी चीफ गेस्ट के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराएंगी ईवा ग्रोवर ने अपने अभिनय करियर में कई फिल्मों और लोकप्रिय टी.वी. सीरियलों में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने रेडी में सलमान खान के साथ सपोर्टिंग रोल निभाया, साथ ही माय फ्रेंड गणेशा 3, मसीहा,न्यायदाता, कृष्णा मूवी में सुनील सेठी की बहन का किरदार निभाया और यारा सिल्ली सिल्ली




जैसी फिल्मों में भी अपने अभिनय का जलवा दिखाया है। टी.वी. इंडस्ट्री में भी उनका योगदान बेहद शानदार रहा है। उन्होंने बड़े अच्छे लगते हैं में निहारिका कपूर,टशन -ी इश्क ,शरारत,ऑफिस ऑफिस, झाँसी की रानी , कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन,करिश्मा का करिश्मा,सी. आई. डी. सहित कई सुपरहिट सीरियलों में दमदार किरदार निभाए हैं !जिससे वे घर-घर में लोकप्रिय हो चुकी हैं।उनकी बहुमुखी प्रतिभा, शानदार अभिनय और इंडस्ट्री में मजबूत पहचान उन्हें एक प्रतिष्ठित स्थान दिलाती है। अब उनकी मौजूदगी से प्राइड ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड्स 2026 सीजन 4 की भव्यता और भी बढ़ने वाली है।यह भव्य आयोजन जे.पी.टी.प्रोडक्शन के फाउंडर,आगेर्नाइजेर ,प्रोडूसर & डायरेक्टर तेजेन्द्रसिंह एस. जाडेजा (तेजुभा जाडेजा) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस अवॉर्ड शो के पिछले तीनों सीजन बेहद सफल और शानदार रहे हैं और अब सीजन 4 को पहले से भी ज्यादा ग्रैंड बनाने की तैयारियाँ जोरों-शोर से चल रही हैं। ईवा ग्रोवर की मौजूदगी इस अवॉर्ड शो को और भी ज्यादा ग्लैमरस और यादगार बनाने वाली है।



# समझ और सम्मान ही हर रिश्ते की असली नींव है

शिल्पा शिंदे की बेबाकी हम 'बिग बॉस' में देख चुके हैं। उनके लिए निर्णय लेना सिर्फ अधिकार नहीं, अपनी जगह, पहचान और गरिमा बनाने की प्रक्रिया है। वह मानती हैं कि हर 'न' लड़ाई नहीं होती और हर 'हां' झुकना नहीं। रिश्तों, काम और व्यक्तिगत स्पेस के बीच उन्होंने बार-बार साबित किया है कि असली ताकत टकराव में नहीं बल्कि सही समय पर सही बात कहने की ईमानदार हिम्मत में है। शिल्पा बताती हैं कि समझ और सम्मान ही हर रिश्ते की असली नींव है।

### अपने मुद्दों को सही से भी रखें

शिल्पा शिंदे ने कहा, 'मुझे लगता है कि डिसीजन मेकिंग स्पेस में अपनी खुद की जगह होना बहुत जरूरी है। अब भी बहुत सारे ऐसे घर हैं, जहां लोग बहुत पढ़े-लिखे हैं लेकिन फैसले लेने में महिलाओं को वह स्पेस नहीं दे पाते हैं। तुम चुप रहो, तुम्हें नहीं पता, या यह तुम्हारा काम नहीं है, बहुत सारी महिलाएं ये सब बर्दाश्त करती हैं। मैं यह नहीं कहूंगी कि हर बात पर बगावत करो लेकिन अपने मुद्दे को अच्छे तरीके से भी रखा जा सकता है। दरअसल, बहुत सी महिलाएं फिर बिल्कुल गलत तरीके से बगावत पर उतर आती हैं कि मेरा तो इस घर में जमता नहीं है, मेरा तो इस घर में कुछ हो ही नहीं सकता या मेरी तो कोई सुनता नहीं है। आप अपने मुद्दे को बहुत प्यार से भी रख सकते हो, थोड़ा अलग तरीके से भी रख सकते हो तो यह कोशिश करनी बहुत जरूरी है।'

### स्ट्रॉन्ग होने का मतलब टकराव नहीं

रिश्तों और समाज की ज्यादातर उलझनें लोगों की सोच और व्यवहार के फर्क से पैदा होती हैं। आज कहा जाता है कि महिलाएं बहुत स्ट्रॉन्ग हो गई हैं इसलिए शादियां नहीं चल रहीं, जबकि स्ट्रॉन्ग होने का मतलब टकराव करना नहीं बल्कि जिम्मेदारियों और फैसलों को समझदारी से निभाना है। समाज चाहे जितना आगे बढ़ जाए, मां बनने के बाद महिला की जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं और वहीं पति-पत्नी दोनों को मिलकर चलने की जरूरत होती है। यह साझेदारी जब नहीं बन पाती तो रिश्ते में असंतुलन आ जाता है। अंत में किसी भी रिश्ते का सार यही है संतुलन, समझ और समय पर शांत रहना।

### रिश्तों में क्लैरिटी होना बहुत ज़रूरी

देखिए, मेरी नजर में महिलाओं की जिंदगी काफी बदल चुकी है। उन्होंने हर जगह, खासकर डिसीजन मेकिंग में अपने आप को प्रूव किया है। हालांकि, समस्या यह है कि हमारा समाज अब भी कुछ पुरानी धारणाओं पर अटका हुआ है। जैसे हम मेल ईगो बोलते हैं, लेकिन फीमेल ईगो शब्द सुनाई नहीं देता। यानी मान लिया गया है कि ईगो हमेशा पुरुष का ही होता है। अब यहां समझदारी की जरूरत है। अगर एक महिला समझ ले कि सामने वाले में मेल ईगो है तो उसे यह भी समझना होगा कि उसे उस स्थिति में कैसे रिएक्ट करना है। रिश्तों में क्लैरिटी बहुत जरूरी है। जब आप किसी से प्यार करते हैं या किसी परिवार का हिस्सा बनते हैं तो पहले से यह जानना जरूरी है कि सामने वाला कैसा है और कौन-सी बात उसे कहां तक स्वीकार है। हम सबके पास चॉइस हैं। अगर सामने वाला आपको नहीं समझ रहा तो आप समझिए, बातचीत कीजिए और चीजों को बेहतर करने की कोशिश कीजिए।

### सामने वाले को समझिए

शिल्पा ने कहा, मेरी जिंदगी एक ऐसे लेवल पर पहुंच गई थी, जहां मुझे उसी वक्त उसी तरीके से फैसला लेना पड़ा। मैंने शो छोड़ा या कहें कि मैं शो से आउट थी लेकिन उस पल जो निर्णय था, वह बिल्कुल साफ था। मुझे पता है कि मैं सिर्फ इसी एक चीज के लिए पैदा नहीं हुई हूं इसलिए मैंने उस वक्त वो रास्ता नहीं चुना। आज जब मैं वापस हूं और पहले से ज्यादा सम्मान मिल रहा है तो इसका सबसे बड़ा कारण वही है, आप सामने वाले को समझिए कि उसे क्या चाहिए। मैं उस वक्त भी प्रोड्यूसर का पॉइंट समझ रही थी लेकिन बीच में किसी तीसरे ने आग लगाई थी। उन्होंने मेरे साथ चीजें डिस्कस ही नहीं कीं। अब हालात अलग हैं। आज मुझे पता है कि उन्हें कैसे संभालना है। उन्हें भी पता है कि मुझे कैसे ट्रीट करना है।

### गलत नहीं हैं तो झुकना नहीं चाहिए

मुझे नहीं लगता कि मैंने कोई गलती की थी। हां, कुछ लोग बहुत डिप्लोमैटिक होते हैं लेकिन मैं जिस चीज को कर सकती हूं, उसे मैं गलती नहीं मानती। परिस्थितियां जैसी बनीं, वहीं रहकर उन्हें समझना जरूरी था। इसका मतलब यह नहीं कि आप झुककर रहें। अगर आप गलत नहीं हैं तो आपको झुकना नहीं चाहिए। गलत चीज को इतना बड़ा भी न बनाइए कि हर समय 'मेरे साथ गलत हुआ' ही लगता रहे। आप जब सच में गलत नहीं हैं, तब डरने की कोई वजह नहीं होती। मैं आज भी यहां इसलिए हूं क्योंकि मैंने कुछ गलत नहीं किया था।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।